रोहतक

शुक्रवार, 30 मई 2025

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 119
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 43.2
न्यून. 24.7

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,633.02 | 320.70 ▲ |
| निफ्टी | 24,833.60 | 81.15 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 98,500 /- | 500/- ▼ |
| चांदी | 1,00,000/- | --- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.48 | 10 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 65.82/ बैरल | 1.42% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

# डेस्क पर बैठने को लेकर विवाद सहपाठी की गोली मारकर हत्या

**हिसार में नाबालिग ने दादा की पिस्तौल से मारी गोलियां आरोपित गिरफ्तार मृतक 10वीं का छात्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कैंट की मस्तनाथ कॉलोनी निवासी 10वीं कक्षा के छात्र दीक्षित की उसके सहपाठी ने ही गुरुवार सुबह गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने नाबालिग आरोपित को हिरासत में ले लिया है। शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि करीब एक साल पहले डेस्क पर बैठने को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ था, तभी से आरोपित उससे रंजिश रखे हुए था। पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपित छात्र ने सेना से रिटायर्ड अपने दादा की लाइसेंसी पिस्तौल से दीक्षित को दो गोलियां मारकर हत्या की है। घटनास्थल रेलवे लाइन के पास होने के कारण पुलिस ने यह मामला रेलवे पुलिस को सौंप दिया है। राजकीय रेलवे पुलिस और फोरेंसिक विभाग की टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। दीक्षित एक बहन का इकलौता भाई था। मृतक छात्र के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया।



### सुबह दूध लेने गया था दीक्षित

मूलरूप से चरखी दादरी के जिंझर गांव के रहने वाले और सेना से सेवानिवृत्त प्रकाश परिवार के साथ सैनिक छावनी के सामने मस्तनाथ कॉलोनी में रहते है। प्रकाश की एक लड़की दीपिका व एक लड़का दीक्षित है। दीपिका 12वीं कक्षा व दीक्षित 10वीं कक्षा का छात्र है। गुरुवार सुबह करीब साढ़े छह बजे दीक्षित दूध लेने के लिए स्कूटी लेकर निकला था। जाते हुए दीक्षित पिता का फोन लेकर गया था और दूध लेने के बाद फोन करके कहा कि उसने दूध ले लिया है और वापस आ रहा है, लेकिन वह घर नहीं लौटा। उसके बाद दीक्षित को कई बार फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठाया। परिजन तलाश में जुटे थे कि उन्हें सूचना मिली की उसे गोली लगी है और उसे अस्पताल में भर्ती करवाया है। परिजन अस्पताल पहुंचे, मगर तब तक छात्र की मौत हो गई थी।

### ऐसे पकड़ में आया आरोपित

पुलिस जांच में पता चला कि आखिरी बार मृतक छात्र की अपने क्लासमेट से बात हुई थी। इसके बाद पुलिस ने नाबालिग आरोपित को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने दीक्षित के मोबाइल की लोकेशन, कॉल डिटेल के आधार पर जांच शुरू की। उसकी आखिरी लोकेशन सातरोड कैंट के पास रेलवे लाइन के नजदीक लोडिंग पॉइंट पर मिली। वहां झाड़ियों के पास दीक्षित की स्कूटी, दूध लाने वाला बर्तन और चप्पल पड़ी मिली। पुलिस के कॉल डिटेल के आधार पर उसके सहपाठी को हिरासत में ले लिया।

### आरोपित ने किया खुलासा

पुलिस की पूछताछ में सहपाठी ने दीक्षित की हत्या करने की बात कबूल कर ली। उसने बताया कि उसके दादा फौज से रिटायर हैं। वह सुबह दादा की लाइसेंसी पिस्तौल लेकर गया था। उसने दीक्षित को भी सातरोड पर रेलवे के लोडिंग पॉइंट के पास बुला लिया। जब दीक्षित वहां पहुंचा तो उसे दो गोलियां मारीं। दीक्षित लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद वह दीक्षित को वहीं छोड़कर घर आ गया। अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो दीक्षित घायल हालत में मिला। उसके पेट में गोलियां लगीं थी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

### मामले की जांच जारी

छात्र की हत्या के मामले की जांच जारी है। अभी तक की जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने दादा की लाइसेंसी डोगा बंदूक से गोली मारकर छात्र की हत्या की है। करीब एक साल पहले स्कूल में डैक्स पर बैठने को लेकर कहासुनी हुई थी। -विनोद कुमार, प्रभारी, राजकीय रेलवे थाना।

# सीएपीएफ कर्मी मानद रैंक से सम्मानित होंगे : गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली (भाषा)।** गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ)और असम राइफल्स के अधिकारी रैंक से नीचे के कार्मिकों को उनकी सेवानिवृत्ति के दिन मानद रैंक (एक रैंक ऊपर) प्रदान करने का फैसला किया है।एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि कांस्टेबल से उप निरीक्षक के पद पर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के आत्मसम्मान, गौरव और मनोबल को बढ़ाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार गृह मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि, कांस्टेबल हेड कांस्टेबल पद पर, हेड कांस्टेबल सहायक उप निरीक्षक पद से, सहायक उप निरीक्षक उप निरीक्षक पद से, उप निरीक्षक निरीक्षक पद से, राइफलमैन हवलदार पद से तथा हवलदार वारंट ऑफिसर पद से सेवानिवृत्त होंगे। हालांकि, इस पहल के तहत कोई वित्तीय या पेंशन लाभ नहीं मिलेगा।

**कर्मियों का आत्मसम्मान, गौरव और मनोबल को बढ़ाने के लिए फैसला**

# एक भी डिफेंस प्रोजेक्ट समय पर नहीं हुआ पूरा

## वायुसेना प्रमुख बोले, ऐसे वादे क्यों करते हो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने गुरुवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को 'राष्ट्रीय विजय' करार दिया। साथ ही उन्होंने विभिन्न रक्षा अधिग्रहण परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी पर गंभीर चिंता जताई और इस मुद्दे को सुलझाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि 'एक भी परियोजना' समय पर पूरी नहीं हुई है। यह सोचने वाली बात है कि हम ऐसा वादा क्यों करते हैं, जिसे पूरा ही नहीं किया जा सकता। कई बार कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय ही पता होता है कि ये समय पर नहीं होगा, फिर भी साइन कर देते हैं, जिससे पूरा सिस्टम खराब हो जाता है। तैयारियों में दिक्कतें आती हैं। सीआईआई एनुअल बिजनेस समिट में एयर चीफ मार्शल ने कहा कि टाइमलाइन बड़ा मुद्दा है। समय से डिफेंस प्रोजेक्ट पूरा न होने की वजह से ऑपरेशनल तैयारी पर असर पड़ता है।



**रक्षा अधिग्रहण परियोजनाओं में देरी पर चिंता जताई कहा, तैयारियां प्रभावित हुई**

### 40 जेट अभी तक फोर्स को नहीं मिले

आठ जनवरी को भी एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने तेजस लड़ाकू विमानों की डिलीवरी में हो रही देरी को लेकर चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि 40 जेट अभी तक फोर्स को नहीं मिले हैं, जबकि चीन जैसे देश अपनी ताकत बढ़ा रहे हैं। वायुसेना प्रमुख ने बताया कि फरवरी 2021 में एचएएल के साथ तेजस एमके1ए फाइटर जेट के लिए 48,000 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया गया था। डिलीवरी मार्च 2024 से शुरू होनी थी, लेकिन आज तक एक भी विमान नहीं आया। तेजस एमके2 का प्रोटोटाइप भी अभी तक तैयार नहीं हुआ है। एडवांस्ड स्टेल्थ फाइटर एएमसीए का भी अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है।

# भारत में सभी यूपीआई लेनदेन करने में सक्षम

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत में 15-29 वर्ष की आयु के लगभग सभी व्यक्ति मोबाइल हैंडसेट का उपयोग करके ऑनलाइन बैंकिंग लेनदेन करने के लिए एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) का उपयोग करने में सक्षम हैं। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा बृहस्पतिवार को जारी व्यापक मॉड्यूलर सर्वेक्षणः दूरसंचार-2025' में कहा गया, देश में 15-29 वर्ष की आयु के जो व्यक्ति ऑनलाइन बैंकिंग लेनदेन करने की क्षमता से लैस पाए गए, उनमें से 99.5% लोगों में ऑनलाइन यूपीआई से बैंकिंग करने की क्षमता पाई गई।

# मणिपुर में 15 तक बन सकती है नई सरकार

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में 15 जून तक नई सरकार बनने की संभावना है। राज्य के 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। इनमें 8 भाजपा, एनपीपी और निर्दलीय के एक-एक विधायक हैं। इनमें से ही एक विधायक ने भास्कर को बताया, 'नई सरकार के ढांचे पर चर्चा हुई है। उम्मीद है कि 15 जून तक एक सरकार बन जाएगी।' इस बीच विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत केंद्रीय नेतृत्व के बुलावे पर दिल्ली रवाना हो चुके हैं। मणिपुर में 60 विधानसभा सीटें हैं।

# आईआरसीटीसी घोटाले में 23 जुलाई को फैसला, लालू यादव भी आरोपित

एजेंसी ▶▶| पटना

आईआरसीटीसी होटल घोटाले में 23 जुलाई को कोर्ट अपना फैसला सुनाएगी। गुरुवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा है। सीबीआई के एडिशनल डायरेक्टर, राकेश अस्थाना ने बताया था-'लालू यादव रेल मंत्री थे, तब रेलवे के पुरी और रांची स्थित बीएनआर होटल को आईआरसीटीसी को ट्रांसफर किया था। इन्हें रख-रखाव और इम्प्रूव करने के लिए लीज पर देने की प्लानिंग थी।' इसके लिए टेंडर विनय कोचर की कंपनी मेसर्स सुजाता होटल्स को दिए गए। टेंडर प्रॉसेस में हेर-फेर किया गया था। टेंडर की यह प्रॉसेस आईआरसीटीसी के उस वक्त के एमडी पीके गोयल ने पूरी की। 17 जुलाई 2017 को सीबीआई ने लालू समेत 5 पर एफआई दर्ज कराई थी। इस सिलसिले में 12 ठिकानों पर छापेमारी की गई थी।



### हो सकती है 7 साल तक की सजा


इन धाराओं में तेजस्वी के लिए आगे काफी मुश्किल खड़ी हो सकती है। ट्रायल के दौरान अगर सीबीआई पर्याप्त सबूत और गवाह प्रस्तुत कर देती है तो आरोपी को 7 साल तक की सजा हो सकती है। फिलहाल 2019 से वे इस मामले में जमानत पर चल रहे हैं। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने उन्हें और राबड़ी देवी को जमानत दे दी थी।

### लालू परिवार को मिली 3 एकड़ जमीन

सीबीआई के अनुसार, रेल मंत्री रहते लालू प्रसाद ने 2005-06 में कोचर बंधुओं को आईआरसीटीसी के 2 होटल (रांची, पुरी) लीज पर दिलाए। इसके बदले पटना में 3 एकड़ जमीन ली। कोचर बंधुओं ने यह जमीन सरला गुप्ता की कंपनी को बेची। बाद में इस कंपनी का मालिकाना हक राबड़ी और तेजस्वी की कंपनी के पास आ गया। इसी जमीन पर बिहार का सबसे बड़ा मॉल बन रहा था।


ADMISSIONS OPEN 2025

VIT BHOPAL
www.vitbhopal.ac.in




GET THE VIT BHOPAL EDGE
World-Class Faculty with Doctoral Expertise
Collaborative & Active Learning (CALTech™) Pedagogy
300+ Acre Green Campus
70+ MoUs with leading Global Universities
Diverse Cultural Environment with students from 32 States / Union Territories

PLACEMENT STATISTICS
₹52 LPA Highest CTC*
730+ Super Dream & Dream Offers*
Microsoft Placements 6 years in a row
CENTRALIZED PLACEMENT THROUGH VIT VELLORE

FUTURE READY B.Tech PROGRAMMES
■ Aerospace ■ Bioengineering ■ CSE - AI&ML, Cloud Computing & Automation, Cyber Security & Digital Forensics, E-Commerce Tech, Education Tech, Gaming Tech, Health Informatics ■ ECE - AI & Cybernetics ■ Mechanical - AI & Robotics
Eligibility: VITEEE Rank holders (Ranks ranging from 1 to 1,50,000)

ARCHITECTURE PROGRAMME
B.Arch - 5 years (Approved by COA)
Eligibility: Students with a valid score of NATA

UG PROGRAMME - B.B.A.
Regular (3 Years); Honours (4 Years);
Honours with Research (4 Years) as per NEP norms

FUTURE READY 5-YEAR INTEGRATED M.TECH PROGRAMMES
(Admission after 10+2 | No Entrance Exam)
■ M.Tech Artificial Intelligence ■ M.Tech CSE (Computational & Data Science)
■ M.Tech CSE (Cyber Security) ■ M.Tech AI & Bioinformatics

FUTURE READY 2-YEAR PG PROGRAMMES
■ M.Tech CSE (Cyber Security & Digital Forensics)
■ M.Tech Artificial Intelligence & Data Science
■ M.Tech VLSI Design ■ M.B.A. ■ M.C.A.

RESEARCH PROGRAMME - Ph.D
■ Engineering ■ Sciences ■ Business Studies ■ Humanities

*2024 Passed out Batch | Super Dream Offer - Above ₹10 Lakh CTC; Dream Offer - Above ₹5 Lakh CTC | Offers include FTE & Internship

VIT Bhopal University
Bhopal-Indore Highway, Kothrikalan, Sehore, Madhya Pradesh 466 114.
admissions@vitbhopal.ac.in

Admission Helpline:
70241 81838
07560-350900 / 901 / 902

To interact and know more type "VIT" and WhatsApp to
+91 70242 40878

Scan to interact and know more

## खबर संक्षेप

### सांसद सैलजा ने सीएम को पत्र लिख स्ट्रीट वेंडर्स के हक में उठाई आवाज

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर कहा है कि प्रदेश के सिरसा, जींद, फतेहाबाद, पानीपत व अन्य नगरों में रेहड़ी-पटरी व ठेले पर आजीविका चलाने वाले हज़ारों श्रमिक आज स्ट्रीट वेंडर्स (आजीविका संरक्षण एवं नियमन) अधिनियम, 2014 के लाभों से वंचित हैं। कुमारी सैलजा ने मांग की है कि इस अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। ये श्रमिक अपनी मेहनत और आत्मसम्मान से जीवनयापन कर रहे हैं, परंतु उन्हें न तो कानूनी सुरक्षा प्राप्त है और न ही उनकी आजीविका को स्थायित्व मिला है।

### एमएसपी की मामूली बढ़ोतरी ऊंट के मुंह में जीराः अभय चौटाला

**चंडीगढ़।** इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 14 फसलों पर एमएसपी में 3 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी बेतहाशा बढ़ रही महंगाई के सामने ऊंट के मुंह में जीरा समान है। केंद्रीय कृषि मूल्य एवं लागत आयोग (सीएसीपी) की सी2 (लागत प्लस 50 प्रतिशत लाभ) लागत गणना के मुताबिक धान का एमएसपी 3,135 रुपये प्रति क्विंटल होना चाहिए। लेकिन नई घोषित कीमतें ए2 प्लस एफएल फॉर्मूले के आधार पर की गई है जिससे किसानों को नुकसान हुआ है।

### मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाएंगे : बड़ौली

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने मोदी सरकार के 11 साल पूरा होने को संकल्प से सिद्धि तक मनाने का निर्णय लिया है। मोदी सरकार के 11 साल, संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम के जरिए बीजेपी मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को कार्यक्रमों व अभियानों के जरिए घर-घर तक पहुंचाएगी। कार्यक्रमों की रूपरेखा के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने पांच सदस्यीय प्रदेश समिति का गठन कर संयोजक और सह संयोजकों की घोषणा कर दी है।

## सीएम ने कुरुक्षेत्र से किया विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ, बोले

**नरेंद्र मोदी ने किसानों को किया सशक्त**

# 55 साल तक सत्ता का सुख भोगने वाली कांग्रेस किसानों की हालत की जिम्मेदार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशभर से आए किसानों को संबोधित किया। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 55 सालों तक सत्ता सुख भोगने वाली कांग्रेस सरकार किसानों की हालत की जिम्मेदार रही है, जबकि वर्ष 2014 में देश के प्रधान सेवक के रूप में देश की बागडोर संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार किसानों को न केवल सशक्त और मजबूत किया है, बल्कि उन्हें विकसित भारत का महत्वपूर्ण स्तंभ मानते हुए आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने चुनाव के समय किसानों को गुमराह करने के लिए कहा कि यदि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो एमएसपी को खत्म कर देंगे। जबकि सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री वर्ष 2014 से किसानों के हित में लगातार फसलों पर एमएसपी को बढ़ा रहे हैं।



कुरुक्षेत्र। अभियान का शुभारंभ करते सीएम नायब सैनी, साथ हैं कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।


कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सैनी

### नई तकनीक सीखेंगे किसान

विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य किसानों को नई तकनीक, योजना और नवाचार से जोडकर कृषि क्षेत्र में सुधार लाना है। किसानों को खरीफ फसलों की वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी देना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व को समझाना और सरकारी योजनाओं व नीतियों का लाभ पहुंचाना है। इस अभियान के तहत किसानों से सीधा संवाद करके फीडबैक लेकर कृषि अनुसंधान को एक नई दिशा मिलेगी। आज से आगामी 12 जून तक प्रदेश भर में चलाया जा रहा यह अभियान, किसानों को सशक्त करने की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है।

### 55 टीम करेंगी जागरूक

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. राजा शेखर वुंदरु ने कहा कि पहली बार प्रदेश में विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत हो रही है। प्रदेश के 22 जिलों, 109 ब्लॉकों में 55 टीमें इस अभियान की जानकारी किसानों तक पहुंचाएंगी। इनमें कृषि विभाग के अधिकारी, वैज्ञानिक, केन्द्रीय टीम का सदस्य सहित अन्य विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। मत्स्य विभाग की आयुक्त अमनीत पी कुमार और पशुपालन विभाग के महानिदेशक डा. प्रेम सिंह ने भी अपने विभागों की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

### केंद्र सरकार ने बनाई योजना

किसानों की फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार ने बनाई योजना है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि देश में किसानों की फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए 15 दिनों का विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम लांच किया गया है। ये कार्यक्रम प्रदेश के किसानों को उनकी भूमि की जानकारी मुहैया करवाने, सरकार की योजनाओं का किसानों तक लाभ पहुंचाने और उनके संदेश को कृषि विभाग तक पहुंचाने का काम करेगा। ये वैज्ञानिक किसानों के बीच जाकर उनकी बात को सुनेंगे।

### पत्रिकाओं का विमोचन

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 5 विभागों की पत्रिकाओं का विमोचन और आईसीएआर विभाग की तरफ से अभियान के पोस्टर को हस्ताक्षर करके लॉच किया। इनमें कृषि विभाग की पत्रिकाएं स्मारिका एवं किसान मार्ग दर्शिका और मृदा उर्वरता मानचित्र कुरुक्षेत्र, बागवानी विश्वविद्यालय की पत्रिका हरियाणा बागवानी, बागवानी विभाग की पत्रिका किसानों के लिए कार्यक्रम एवं अनुदान योजनाएं 2025-26, खरीफ फसलों के समय- सिफारिशें, पशुपालन विभाग की पत्रिकाएं पशुपालन एवं डेयरी विभाग की मुख्य योजनाएं और पशुधन प्रबंधन पुस्तिका शामिल रहीं।

## बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज एंड इंजीनियर के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर बृहस्पतिवार को बिजली कर्मचारियों ने उप्र सरकार द्वारा पूर्वांचल व दक्षिणांचल डिस्कॉम को निजी हाथों में सौंपने और इसके खिलाफ आंदोलन में शामिल कर्मचारियों को बिना जांच सीधे बर्खास्त करने के तानाशाही आदेशों के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन किए गए। सुभाष लांबा ने बताया कि और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने निजीकरण और तानाशाही फरमानों को वापस लेने और विधुत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश से बातचीत कर सभी दमन एवं उत्पीड़न की कार्यवाहियों को वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसा करके प्रबंधन व सरकार दोनों डिस्कॉम को चंडीगढ़ की तरह निजी हाथों में सौंपना चाहती है।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.PC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **1. सुमित नरवाल, पुत्रः ओम प्रकाश, निवासीः वीपीओ – बनवासा, जिला सोनीपत, हरियाणा और 2. स्वराज, पुत्रः श्री राजपाल, निवासीः वीपीओ – बनवासा, जिला सोनीपत, हरियाणा और 3. जतिन सिवाच, पुत्रः श्री शमशेर सिंह, निवासीः वीपीओ – मैनी सुरजन, तहसील–मेहम, जिला रोहतक, हरियाणा और 4. ममता, बेटीः श्री रामपाल, निवासीः फ्लैट नंबर 12/154, टाइप– II, न्यू सीसीएस, एचएयू, जिला हिसार, हरियाणा** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.136/2024 Dt.29.06.2024 U/S 409/201/419/420/467/468/471/474/120B IPC** के तहत एक मामला **थाना अपराध शाखा, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **1. सुमित नरवाल, 2. स्वराज, 3. जतिन सिवाच, 4. ममता** नहीं मिले या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **1. सुमित नरवाल, 2. स्वराज, 3. जतिन सिवाच, 4. ममता** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.136/2024 Dt.29.06.2024 U/S 409/201/419/420/467/468/471/474/120B IPC थाना अपराध शाखा, दिल्ली** के आरोपी उक्त **1. सुमित नरवाल, 2. स्वराज, 3. जतिन सिवाच, 4. ममता** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **16.07.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार डॉ. नूपुर गुप्ता
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
दक्षिण पूर्व जिला
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/6700/Crime/2025
(अदालती मामला)

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1423

मनकि सत्यवान पुत्र रामेहर पुत्र भरत सिहं, निवासी गांव बामडौला एवं बिस्वेदार गांव मुनीमपुर कुकडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24 व इंतकाल न0 3787 त0म0, 3795 तकसीम के अनुसार अराजी खेवट न0 207मिन / 180, खाता न0 210 मिन, मु0 न0 55, किला न0 12 / 2(2–0), 18 / 2(0–4), 19 / 1(2–18), किते 3, तादादी रकबा 5 कनाल 2 मरले (0.6375 एकड़) सालम भाग वाका रकबा मौजा मुनीमपुर कुकडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है, जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 5 कनाल 2 मरले (0.6375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/JSO/1424

मनकि सत्यवान पुत्र रामेहर पुत्र भरत सिहं, निवासी एवं बिस्वेदार गांव बामडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2019–20, के अनुसार अराजी खेवट न0 250 / 199 / 1मिन, खाता न0 257, मु0 न0 60, किला न0 26(0–9), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 9 मरले का 1 / 10 भाग, बकदर 0 कनाल 0.9 मरला (0.005625 एकड़), वाका रकबा मौजा बामडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है, जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 60, किला न0 26 मिन (0–0.9), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 0.9 मरला (0.005625 एकड़), पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 29.05.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile: 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com



### रास्ते में रुककर ग्रामीणों से मिले सैनी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने असंध के गांव सालवन में आयोजित राज्य स्तरीय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह से लौटते वक्त गांव फफड़ाना व जलमाना में अचानक अपना काफिला रुकवाया और ग्रामीणों से मिले। अचानक अपने बीच मुख्यमंत्री को देखकर ग्रामीण उत्साहित नजर आए। ग्रामीण उनके सौम्य स्वभाव व सादगी के कायल हो गए। मुख्यमंत्री ने लोगों का हाल चाल जाना और बच्चों ने उनके साथ सेल्फी भी ली।

# दवाओं और उपकरणों के लिए 50 करोड़ मंजूर

## स्वास्थ्य मंत्री राव ने ली हाई परचेज कमेटी की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने पंचकूला में उच्चस्तरीय क्रय समिति की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें राज्य के स्वास्थ्य सेवा ढांचे को मजबूत करने के लिए 50 करोड़ रुपये की लागत वाली दवाइयों और चिकित्सा उपकरणों के लिए कई महत्वपूर्ण टेंडर मंजूर किए गए। इस दौरान 10.78 करोड़ की लागत वाली 19 एफेरेसिस मशीनों की खरीद के लिए टेंडर को मंजूरी दी गई। ये मशीनें डेंगू के मरीजों के इलाज में प्लेटलेट पृथक्करण के लिए आवश्यक हैं और इनसे राज्य में डेंगू के मामलों के प्रबंधन में सुधार होने की उम्मीद है।

### फिल्टर के लिए 1.9 करोड़

थैलेसीमिया रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए एक और कदम उठाते हुए समिति ने ल्यूको रिडक्शन फिल्टर के लिए 1.9 करोड़ रुपये की निविदा को मंजूरी दी। मंत्री आरती सिंह राव ने डेंगू, थैलेसीमिया, हीमोफीलिया और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए आवश्यक सुविधाएं और समय पर उपचार कराने के लिए प्रतिबद्धता पर जोर दिया।



### फिल्टर के लिए 1.9 करोड़

समिति ने अन्य महत्वपूर्ण इंजेक्शन और दवाओं के साथ-साथ कैंसर रोधी दवाओं और इंजेक्शन की खरीद के लिए लगभग 16 करोड़ रुपये की निविदा को मंजूरी दी। इस कदम का उद्देश्य कैंसर रोगियों के लिए उपचार के विकल्पों को बढ़ाना और राज्य की स्वास्थ्य सुविधाओं में आवश्यक दवाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करना है। आरती राव कहा कि ये निर्णय पूरे हरियाणा में रोगी देखभाल और उपचार परिणामों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# हरियाणा कांग्रेस का संगठन विस्तार करने, राहुल गांधी आएंगे चंडीगढ़, इसके बाद ही पर्यवेक्षक नियुक्त होंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

आखिरकार एक दशक के बाद में हरियाणा कांग्रेस संगठन विस्तार की तैयारी हो गई है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जून के पहले सप्ताह में चंडीगढ़ आ रहे हैं। इस दौरान संगठन विस्तार को लेकर विचार मंथन होगा। 21 केंद्रीय पर्यवेक्षकों सहित स्थानीय नेताओं की ड्यूटी भी निर्धारित करेंगे। सहायक पर्यवेक्षकों के तौर पर स्थानीय नेताओं के नाम को लेकर भी निर्देश देंगे। जिसके आधार पर स्थानीय नेताओं की गुटबाजी से हटकर नेताओं की नियुक्ति और संगठन का विस्तार करने की तैयारी है। जिलाध्यक्षों और प्रदेश कमेटी के बनने के बाद ही कांग्रेस हाईकमान की ओर से विधायक दल का नेता चुनने की रणनीति पर बातचीत की चर्चा है। राहुल गांधी केंद्रीय पर्यवेक्षकों और हरियाणा के सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर गाइडलाइन तय करेंगे। राहुल गांधी चंडीगढ़ में पत्रकार वार्ता का भी कर सकते हैं। राहुल के कार्यक्रम को लेकर जगह का निर्धारण नहीं हो सका है, हरियाणा कांग्रेस की तरफ से चंडीगढ़ सेक्टर-9 स्थित कांग्रेस दफ्तर या किसी होटल का विकल्प रखा है।

### ये हैं कमेटी में शामिल

21 केंद्रीय पर्यवेक्षकों की कमेटी में पूर्व मंत्री कुलदीप नागरा पंजाब, पूर्व मंत्री विजेंद्र सिंगला, सेवा दल पूर्व अध्यक्ष लालजी देसाई, हिमाचल पूर्व विधायक विनोद सुल्तानपुरी और युवा कांग्रेस पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास, जगदीश ठाकोर, मनिकम टैगोर, प्रो. वर्षा गायकवाड, डॉ. अमर सिंह, जीसी चंद्रशेखर, गिरिश चोडानकर, काजी निजामुद्दीन सहित अन्य को शामिल किया है। अलग-अलग राज्यों के दिग्गज नेताओं की टीम के साथ स्थानीय स्तर के नेताओं की ड्यूटी भी तय होगी। जिस तरह केंद्रीय पर्यवेक्षकों में प्रदेश का कोई नेता नहीं शामिल किया।

### अवैध गर्भपात के मामलों में पिछले सप्ताह छह एफआईआर दर्ज की

**चंडीगढ़।** सूबे में लिंगानुपात को सुधारने के लिए गठित राज्य टास्क फोर्स (एसटीएफ) की साप्ताहिक बैठक आज स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जानकारी दी गई कि 20 मई से 26 मई के बीच राज्यभर में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) किट्स की अवैध बिक्री पर छापेमारी की गई, जिसमें 1787 एमटीपी किट्स जब्त की गईं और 6 एफआईआर दर्ज की गईं। इसके अलावा, 3 दुकानों को अवैध गतिविधियों के चलते सील किया गया।

■ एसटीएफ ने 1787 एमटीपी किट्स जब्त की

#### थोक विक्रेता घटे

हरियाणा में एमटीपी किट्स बेचने वाले थोक विक्रेताओं की संख्या एक महीने में 32 से घटाकर 6 कर दी गई है। इसके अलावा, 3 मामलों में एमटीपी किट्स की अधिक कीमत वसूलने की शिकायत मिली, जबकि 2 फर्मों को नोटिस जारी किया गया।

### ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट-IV ए) (नियम 8 (6))

प्रत्याभूति हित अधिनियम, 2002 (यहां इसके पश्चात "एक्ट") के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल-एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव -122015 (हरियाणा) और शाखा कार्यालय :- "प्रथम तल, नया बाजार रोड, कृष्णा कॉलोनी, भिवानी-127021"/ **प्रथम तल, बैंक ऑफ बड़ौदा के ऊपर, जी.टी. रोड, फतेहाबाद, हरियाणा**-125050 के पास गिरवीकृत अचल सम्पत्ति की बिक्री। चूंकि आईआईएफएल-एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") आईआईएफएल-एचएफएल को देय राशि की उगाही हेतु "जैसा है जहां है आधार, जो है जहां है आधार और बिना अवलम्ब आधार" पर इसकी बिक्री के अधिकार सहित निम्नलिखित ऋण अकाउंट्स / प्रोस्पैक्ट नम्बर में अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का कब्जा ले चुके थे, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

| कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों) / कानूनी वारिस | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति का वर्णन | भौतिक कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री बलवंत<br>2. श्रीमती सीता देवी<br>(प्रोस्पेक्ट नं. IL10455966) | 14-मार्च-2024<br>रु. 716826/-<br>(रुपये सात लाख सोलह हजार आठ सौ छब्बीस केवल)<br>बोली बढ़ोतरी राशि<br>रु. 20,000/-<br>(रुपये बीस हजार केवल) | गांव धांगर तहसील व जिला फतेहाबाद, हरियाणा-125048 के लाल डोरा में स्थित प्लॉट / मकान नं. 604480304 और यू.डी.आई. नं./सम्पत्ति कोड 604480WPAS1A1PH0304A वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, Super_Built_Up_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1096.00, 850.00, 680.00, 986.40. | 18- फर.-2025<br>कुल बकाया दिनांक 27 मई 2025 के अनुसार<br>रु. 12,68,305/-<br>(रुपये बारह लाख अड़सठ हजार तीन सौ पांच केवल) | रु. 9,14,000/-<br>(रुपये नौ लाख चौदह हजार केवल)<br>धरोहर राशि जमा (ईएमडी)<br>रु. 91,400/-<br>(रुपये इक्यानवे हजार चार सौ केवल) |
| 1. श्री चमन<br>2. श्रीमती सीता पत्नी चमन<br>3. चमन ज्यूलरी शॉप<br>(प्रोस्पेक्ट नं. IL10406620) | 20-दिस.-2023<br>रु. 808031/-<br>(रुपये आठ लाख आठ हजार इकतीस केवल)<br>बोली बढ़ोतरी राशि<br>रु. 20,000/-<br>(रुपये बीस हजार केवल) | मकान/प्लॉट यूआईडी 1234, चौहान पाना, आबादी देह, लोहारी जाटू, लाल डोरा, बवानी खेड़ा, भिवानी, हरियाणा, भारत 127021 वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1009.00, 949.00, 759.00<br>(क्षेत्रफल माप : 908.10 वर्गफुट) | 11- फर.-2025<br>कुल बकाया दिनांक 27 मई 2025 के अनुसार<br>रु. 14,30,985/-<br>(रुपये चौदह लाख तीस हजार नौ सौ पचासी केवल) | रु. 9,27,000/-<br>(रुपये नौ लाख सत्ताईस हजार केवल)<br>धरोहर राशि जमा (ईएमडी)<br>रु. 92,700/-<br>(रुपये बानवे हजार सात सौ केवल) |
| 1. श्री राजबीर<br>2. श्रीमती ज्ञान देवी<br>3. राजबीर डेयरी फार्म<br>(प्रोस्पेक्ट नं. IL10346434) | 05-मार्च-2024<br>रु. 7,09,862/-<br>(रुपये सात लाख नौ हजार आठ सौ बासठ केवल)<br>बोली बढ़ोतरी राशि<br>रु. 20,000/-<br>(रुपये बीस हजार केवल) | गांव मुंढाल खुर्द तहसील व जिला भिवानी, हरियाणा 127041 में स्थित खसरा नं. 99//14 (8-0) 16(8-0)17 (8-0) 25 (7-7) 100//16 (8-0) 17/1 (7-12) 20/2 (3-18) 21/1 (7-2) 22/1 (0-2) 24 (8-0) 25 (8-0) वाली खेवट 45//36, खतौनी नं. 48 में निहित सम्पत्ति वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, Super_Built_Up_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 816.00, 805.00, 644.00, 734.40 | 11- फर.-2025<br>कुल बकाया दिनांक 09 मई 2025 के अनुसार<br>रु. 11,45,270/-<br>(रुपये ग्यारह लाख पैंतालीस हजार दो सौ सत्तर केवल) | रु. 7,22,000/-<br>(रुपये सात लाख बाईस हजार केवल)<br>धरोहर राशि जमा (ईएमडी)<br>रु. 72,200/-<br>(रुपये बहत्तर हजार दो सौ केवल) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अन्तिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 13 जून 2025 1100 बजे - 1400 बजे | 16 जून 2025 अप. 5.00 बजे तक | 18 जून 2025 1100 बजे - 1300 बजे |

**भुगतान का मोड** :- ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के तहत किये जाने हैं। भुगतान करने के लिये आपको **https://www.iiflonehome.com** पर पधारना होगा और केवल सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। **टिप्पणी** : प्रत्येक सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें आप सार्वजनिक नीलामी के तहत खरीदने के लिये इच्छुक सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं। **बकाया भुगतान हेतु - लॉगइन करें https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance Amount**

**नियम एवं शर्तें :-**

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये, इच्छुक बोलीदाताओं को पहले ही सेवाप्रदाता **https://www.iiflonehome.com** के पास अपने विवरण पंजीकरण करवाना आवश्यक है और लॉगइन अकाउंट, लॉगइन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित शाखा कार्यालय में भुगतान विवरण के तहत ईएमडी, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति सहित अपना "निविदा प्रपत्र" जमा करवाना / भेजना होगा।
2. बोलीदाता कॉलम "बोली बढ़ोतरी राशि" के तहत वर्णित राशि के गुणज में अपने प्रस्ताव सुधारेंगे। यदि बोली नीलामी बंद होने के समय के अन्तिम 5 मिनट में रखी जाती है, बंद होने का समय स्वतः ही 5 मिनट के लिये बढ़ा दिया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि का शेष 75% सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना चाहिए। सभी जमा और भुगतान भुगतान के निर्धारित तरीके में होंगे।
4. खरीदार को उपकर, लागू स्टांप ड्यूटी, शुल्क और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य देय जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और लागत दरों सहित चार्जेज वहन करने होंगे।
5. खरीददार को बिक्री राशि के लेन-देन / भुगतान करने के लिए टीडीएस अप्लीकेशन भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के पास टीडीएस प्रमाण-पत्र जमा करवाना होगा।
6. **बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिये अपनी बोलियां जमा करवाने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction को पढ़ना चाहिए।**
7. विवरण, ई-नीलामी पर मदद प्रक्रिया और ऑनलाइन ट्रेनिंग हेतु संभाव्य बोलीदाता सेवाप्रदाता से सम्पर्क कर सकते हैं ई-मेल आईडी :- care@iiflonehome.com, सपोर्ट हैल्पलाइन नम्बर : 1800 2672 499
8. सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली इत्यादि से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिये आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नं. 1800 2672 499 पर 09:30 बजे से 18:00 बजे के बीच सोमवार से शुक्रवार तक कॉल करें अथवा care@iiflonehome.com पर ई-मेल लिखें।
9. उपरोक्त कर्जदारों को एतद् द्वारा 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय प्रत्याभूत परिसम्पत्ति में रखे गये घरेलू सामानों को एकत्र करने के लिए नोटिस दिया जाता है, अन्यथा आईआईएफएल -एचएफएल परिस्थितियों के तहत संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अलावा कर्जदार/ों को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
11. सफल बोलीदाता / नीलामी खरीदकर्ता द्वारा किसी भी स्तर पर उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी को स्थगित करने / रद्द करने अथवा नियम एवं शर्तों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 उप नियम (1) के तहत 15 दिन की बिक्री सूचना**

कर्जदारों को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वह निविदा/नीलामी की तारीख से पहले अद्यतन ब्याज और सहायक व्यय के साथ ऊपर वर्णित राशि का भुगतान कर दें, जिसमें विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया देय राशि है तो ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी

स्थान : भिवानी/फतेहाबाद, दिनांक : 30 मई 2025 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

### इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड

ISGEC

पंजी. कार्यालय : रादौर रोड, यमुनानगर–135001, हरियाणा
CIN: L23423HR1933PLC000097, Ph: +91-120-4085405, Fax: +91-0120-2412250
Email: cfo@isgec.com, Website: www.isgec.com

**31.03.2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सार**

(अर्जन प्रति शेयर को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष | | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष | |
| | | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 31.03.2024 (अंकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 31.03.2024 (अंकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 31.03.2024 (अंकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 31.03.2024 (अंकेक्षित) |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 1,45,355 | 1,55,601 | 5,07,937 | 4,90,614 | 1,74,703 | 1,87,123 | 6,46,162 | 6,24,038 |
| 2. | अवधि हेतु निरंतर प्रचालनों से शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 8,920 | 9,644 | 38,830 | 30,390 | 12,972 | 11,418 | 47,741 | 38,333 |
| 3. | कर से पूर्व अवधि हेतु निरंतर प्रचालनों से शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 8,920 | 9,644 | 38,830 | 30,390 | 12,972 | 11,418 | 47,741 | 38,333 |
| 4. | कर के बाद अवधि हेतु निरंतर प्रचालनों से शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 6,317 | 7,077 | 29,374 | 23,171 | 9,806 | 8,423 | 35,570 | 28,436 |
| 5. | कर के बाद अवधि हेतु निरंतर प्रचालनों से शुद्ध लाभ/(हानि) | - | - | - | - | -2,010 | -1,217 | -9,178 | -2,949 |
| 6. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [(अवधि हेतु निहित लाभ/ (हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 6,252 | 6,708 | 29,167 | 23,095 | 7,606 | 6,959 | 26,009 | 25,265 |
| 7. | इक्विटी शेयर कैपिटल | 735 | 735 | 735 | 735 | 735 | 735 | 735 | 735 |
| 8. | रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार | 2,40,951 | | | | 2,73,142 | | | |
| 9. | अर्जन प्रति इक्विटी शेयर (रु. 1/- प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) | | | | | | | | |
| | (ए) बेसिक - निरंतर प्रचालनों हेतु (रु. में) | 8.59 | 9.62 | 39.95 | 31.51 | 12.40 | 11.35 | 46.37 | 37.15 |
| | (बी) डायल्युटेड - निरंतर प्रचालनों हेतु (रु. में) | 8.59 | 9.62 | 39.95 | 31.51 | 12.40 | 11.35 | 46.37 | 37.15 |
| | (सी) बेसिक - अनिरंतर प्रचालनों हेतु (रु. में) | - | - | - | - | -2.73 | -1.66 | -12.48 | -4.01 |
| | (डी) डायल्युटेड - अनिरंतर प्रचालनों हेतु (रु. में) | - | - | - | - | -2.73 | -1.66 | -12.48 | -4.01 |
| | (ई) बेसिक - निरंतर व अनिरंतर प्रचालनों हेतु (रु. में) | 8.59 | 9.62 | 39.95 | 31.51 | 9.67 | 9.70 | 33.89 | 33.14 |
| | (एफ) डायल्युटेड - निरंतर व अनिरंतर प्रचालनों हेतु (रु. में) | 8.59 | 9.62 | 39.95 | 31.51 | 9.67 | 9.70 | 33.89 | 33.14 |

**टिप्पणी :-**

1. कम्पनी के उपरोक्त स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 29 मई 2025 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर लिये गये।
2. कम्पनी के वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानदंड) नियमों, 2015, इसके पश्चात् संशोधित अनुसार और भारत में सामान्यतः स्वीकार्य अन्य लेखा सिद्धांतों के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानदंड (Ind AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।
3. निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष हेतु कम्पनी के लाभ में से रु. 5/- (500%) रु. 1/- प्रत्येक के प्रति इक्विटी शेयर के अन्तिम लाभांश की अनुशंसा की है, जो कम्पनी की वार्षिक सामान्य बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है।
4. सेबी सरकुलर CIR/CFD/CMD/56/2016 दिनांक 27 मई 2016 के सम्बन्ध में, कम्पनी एतद् द्वारा घोषणा करती है कि अंकेक्षकों ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अरूपांतरित मत सहित स्टैंडअलोन एवं समेकित दोनों हेतु वित्तीय परिणामों की ऑडिट रिपोर्ट्स जारी कर दी है।
5. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स www.bseindia.com , www.nseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.isgec.com पर उपलब्ध हैं। ये नीचे दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन करके देखे जा सकते हैं।
6. 31 मार्च 2025 और 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही हेतु परिणाम, तब समाप्त सम्बन्धित वित्तीय वर्ष की तृतीय तिमाही तक अअंकेक्षित वर्ष से तिथि आंकड़ों और प्रकाशित तथा 31 मार्च 2025 और 31 मार्च 2024 क्रमशः को समाप्त पूर्ण वित्तीय वर्ष के सम्बन्ध में अंकेक्षित आंकड़ों के बीच बैलेंसिंग आंकड़े हैं। वर्तमान के साथ-साथ पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की तृतीय तिमाही को समाप्त तक आंकड़ों की केवल समीक्षा की गई थी और ऑडिट के अधीन नहीं है।
7. समेकित वित्तीय परिणामों में 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष हेतु प्रचालनों से कुल आय में हमारी सब्सिडीयरिज में से एक में भुगतानयोग्य अतिरिक्त गन्ना मूल्य के लिए किए गए प्रावधान के रिवर्सल की वजह से रु. 1,846.12 लाख शामिल हैं, जो प्रबंधन और लीगल काउंसल की राय में अब भुगतानयोग्य नहीं है।
8. (ए) इस्जेक इनवेस्टमेंट्स प्राईवेट लिमिटेड, सिंगापुर (आईआईपीएल), कम्पनी की एक पूर्णतया स्वामित्व वाली सब्सिडीयरी ने, यूएसडी 10 मिलियन (अर्थात 31 मार्च 2025 के अनुसार लगभग रु. 85.47 करोड़) हेतु इसकी पूर्णतया स्वामित्व वाली सब्सिडीयरी "बायोएक एनर्जी होल्डिंग वन, केमैन आयलैंड्स" में इसकी सम्पूर्ण शेयरहोल्डिंग को बेचने के लिए माह दिसम्बर 2024 में एक खरीददार के साथ बिक्री एवं खरीद अनुबंध (एसपीए) का समझौता कर चुकी थी। ट्रांजेक्शन में देरी अनुभव हो रही है और हम 15 जुलाई 2025 तक ट्रांजेक्शन पूर्ण करने के लिए आशान्वित हैं। एसपीए के साथ-साथ :
   i) कम्पनी ने यूएसडी 39.07 मिलियन (31 मार्च 2025 के अनुसार लगभग रु. 334 करोड़) की बुक वैल्यू पर आईआईपीएल की स्टेप-डाउन सब्सिडीयरीज में से एक से देय इसके प्राप्तियोग्य ट्रेड को सौंपने के लिए एक एग्रीमेंट पर भी समझौता कर चुकी थी ; और
   ii) आईआईपीएल खरीददार को यूएसडी 29.80 मिलियन (रु. 255 करोड़) के बुक वेल्यू पर आईआईपीएल की स्टैप-डाउन सब्सिडीयरीज से प्राप्तियोग्य इसके ऋण और ब्याज सौंपने के लिए एक एग्रीमेंट का समझौता भी कर चुकी थी। इसके अतिरिक्त, आईआईपीएल की स्टैप-डाउन सब्सिडीयरीज द्वारा लाभप्राप्त की गई विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं के लिए प्रतिभूति के तौर पर दी गई यूएसडी 23 मिलियन (लगभग रु. 197 करोड़) के क्रेडिट के स्टैंडबाई लैटर और कम्पनी की कार्पोरेट गारंटी यूएसडी 11 (लगभग रु. 94 करोड़) मिलियन को खरीददार द्वारा उनके बैंकों को बकाया ऋणों के भुगतान पर रिलीज किया जाना था।
   (बी) इसी बीच, कम्पनी इसकी स्टैप-डाउन सब्सिडीयरीज की लाभ प्राप्त की गई बैंकिंग सुविधाओं के पुनर्भुगतान हेतु आईआईपीएल को आगे ऋण राशि यूएसडी 27.81 मिलियन (रु. 238 करोड़) विस्तारित कर चुकी है और तदोपरांत ऊपर संदर्भित कार्पोरेट गारंटी और क्रेडिट का स्टैंडबाई लैटर बैंकों द्वारा रिलीज कर दिया गया है।
   (सी) 31 मार्च 2025 के अनुसार यूएसडी 58.32 मिलियन (रु. 499 करोड़) पर 5 (ए) ii उपरोक्त में संदर्भित अनुसार यूएसडी 29.80 मिलियन (रु. 255 करोड़) के प्राप्तियोग्य ऋण और ब्याज की राशि।
   (डी) उपरोक्त ट्रांजैक्शन एसपीए में विनिर्दिष्ट कुछ शर्तों को पूरा करने के अधीन है, जोकि ट्रांजेक्शन को प्रभावी बनाने के लिए अद्यतन अनुसार पूर्ण की जानी बाकी है, जिसमें भुगतान की रसीद शामिल है।
   (ई) शेयरों की बिक्री के उपरोक्त ट्रांजैक्शन की पूर्णतया पर, सभी स्टैप-डाउन सब्सिडीयरीज और आईआईपीएल की एसोसिएट कम्पनी, हमारी सब्सिडीयरीज और एसोसिएट कम्पनी नहीं होंगी।
9. अनुकूल पूर्ववर्ती अवधियों हेतु आंकड़े उनको तुलनायोग्य बनाने के लिये जहां आवश्यक हुआ रिग्रुप्ड कर लिये गये हैं।

दिनांकः 29 मई 2025
स्थान : नोएडा

कृते इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड
हस्ता/-
(आदित्य पुरी)
प्रबंध निदेशक

रोहतक, शुक्रवार, 30 मई 2025

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**सुविचार**

हर मुश्किल में एक नया अवसर छिपा होता है, बस आपको उसे ढूंढ़ने की जरूरत है। - अज्ञात




05 ज्योति और साबले बने चैंपियन, एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण पदक

## आईपीएल में आज



गुजरात V/S मुंबई
- : समय : - 7.30 PM
- : स्थान : - चंडीगढ़

## खबर संक्षेप

### बजरंग ने कोच नरेश दहिया से माफी मांगी

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता पहलावन बजरंग पूनिया डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान कुश्ती कोच नरेश दहिया की छवि धूमिल करने के लिए बिना शर्त माफी मांगी है। बजरंग ने विनेश फोगाट और साक्षी मलिक के साथ मिलकर बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। भाषा

### हरियाणा-पंजाब, चंडीगढ़ में मॉकड्रिल कल होगी

**चंडीगढ़।** ऑपरेशन शील्ड के तहत हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में अब 31 मई को मॉकड्रिल और ब्लैकआउट होगा। केंद्र सरकार ने मॉक ड्रिल के लिए नई तारीख तय की है। इससे पहले 29 मई को मॉकड्रिल होनी थी। बुधवार शाम को केंद्र ने इसे स्थगित कर दिया था। इसमें हवाई हमलों से बचने का अभ्यास किया जाएगा। साथ ही सुरक्षा और इमरजेंसी व्यवस्थाओं को भी जांचा जाएगा। एजेंसी

### अमरनाथ: सीएपीएफ की 580 कंपनियां तैनात होंगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की 580 कंपनियों की तैनाती का आदेश दिया है। इसके तहत करीब 42,000 जवान तैनात होंगे। सूत्रों के मुताबिक, सीएपीएफ की 424 कंपनियों को केंद्र शासित प्रदेश में भेजा जा रहा है, जबकि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान जम्मू-कश्मीर में भेजी गई शेष 80 कंपनियों जल्द भेजी जाएंगी। भाषा

### उच्चतम न्यायालय में तीन न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में तीन न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने सोमवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एन वी अंजारिया, गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विजय बिश्नोई और बंबई उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की थी। भाषा

### सप्ताह में छह दिन कर पाएंगे सोमनाथ यात्रा

**नई दिल्ली।** सोमनाथ की यात्रा करने वालों के लिए खुशखबरी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने हाल ही में गुजरात के लोगों को एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी है, जो साबरमती (अहमदाबाद) से वेरावल (सोमनाथ मंदिर) तक चलेगी। इसका संचालन छह दिन प्रति सप्ताह होगा। गुरुवार को यह ट्रेन नहीं चलेगी। ट्रेन की टाइमिंग यात्रियों की सहूलियत को ध्यान में रखकर तय की गई है। एजेंसी

### गेहूं की स्टॉक सीमा मार्च तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सरकार ने जमाखोरी और सट्टेबाजी रोकने तथा खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के मकसद से व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और बड़ी खुदरा श्रृंखला के विक्रेताओं के लिए गेहूं का स्टॉक रखने की समयसीमा बढ़ा दी है। खाद्य पदार्थों (संशोधन) आदेश, 2025 के तहत लाइसेंस, स्टॉक सीमा और परिवहन प्रतिबंधों को हटाने का निर्देश 31 मार्च, 2026 तक लागू रहेगा। भाषा

## दोपहर बाद अचानक बदला मौसम, उमसभरी गर्मी से मिली राहत

# सूबे में आंधी-बारिश, गुरुग्राम में पेड़ टूटकर सड़कों पर गिरे, जाम लगा

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में नौतपा के पांचवें दिन गुरुवार को दोपहर तक उमस भरी गर्मी ने लोगों के जमकर पसीने छुड़ाए। दोपहर बाद अचानक मौसम बदल गया, जिसके बाद गुरुग्राम, चरखी दादरी, झज्जर, रेवाड़ी और नूंह में बारिश और सोनीपत में बूंदाबांदी हुई। गुरुग्राम, फरीदाबाद और नूंह के पुन्हाना में आंधी भी चली। इसके कारण गुरुग्राम में कई जगह पेड़ गिर गए। सड़क पर पेड़ गिरने से जाम की स्थित बनी। कई जगह पेड़ गाड़ियों पर गिरने से वे क्षतिग्रस्त हो गई। मौसम विभाग का कहना है कि नौतपा खत्म होने तक मौसम में बदलाव आता रहेगा। इससे नौतपा में भीषण गर्मी नहीं रहेगी। विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिलों में बारिश की संभावना जताई है। वहीं 31 मई और 1 जून को प्रदेश के 16 जिलों में बारिश होने के आसार हैं। प्रदेश में अधिकतम पारा 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। हालांकि इस बारिश से गर्मी से हल्की राहत मिलने की उम्मीद है। प्रदेश में दो दिन से उमस की स्थिति बनी हुई थी। लोगों को काफी परेशानी हो रही है। हवा में नमी की मात्रा 60 से 70 फीसदी ज्यादा दर्ज की गई है। मगर अब इससे छुटकारा मिलने की उम्मीद है। चंडीगढ़ मौसम विभाग की ओर से जारी मीडिया बुलेटिन के मुताबिक हरियाणा में 30 मई को कई स्थानों पर अच्छी बारिश के संकेत हैं। हरियाणा में वीरवार को सबसे गर्म सिरसा दर्ज रहा। यहां अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

**मौसम विभाग का दावा, अभी तीन दिन और बरसात के आसार, कई जिलों में बिजली गिरने व तेज आंधी की आशंका**

**चरखी दादरी, झज्जर, रेवाड़ी, सोनीपत नूंह, और नारनौल में हुई बारिश, पलवल, फरीदाबाद, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़ और रोहतक में चली आंधी, दिल्ली-एनसीआर में भी आंधी-बारिश**



गुरुग्राम में तेज आंधी के कारण कार पर गिरा पेड़

### अगले 3 दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

अगले 3 दिन ऐसा रहेगा मौसम मौसम विभाग के चंडीगढ़ केंद्र (आईएमडी) के अनुसार 30 मई को भी पूरे प्रदेश में बारिश की संभावना है। 5 जिलों अंबाला, पंचकूला, कुरुक्षेत्र, कैथल व यमुनानगर में 50-75 प्रतिशत तक बारिश हो सकती है। 31 मई को 4 जिलों पंचकूला, अंबाला, कुरुक्षेत्र व यमुनानगर में 25-50 प्रतिशत और 12 जिलों झज्जर, रोहतक, सोनीपत, पानीपत, जींद, कैथल, करनाल, भिवानी, चरखी दादरी, हिसार, फतेहाबाद व सिरसा में 25 प्रतिशत तक बारिश की संभावना बन रही है। वहीं, 1 जून को पंचकूला, अंबाला व यमुनानगर में 25-50 प्रतिशत और 13 जिलों कुरुक्षेत्र, झज्जर, रोहतक, सोनीपत, पानीपत, जींद, कैथल, करनाल, भिवानी, चरखी दादरी, हिसार, फतेहाबाद व सिरसा) में 25 प्रतिशत तक बरसात होने की संभावना है।

### पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि काफी दिनों से पूर्वी हवाओं ने लगातार तापमान में बढ़ोतरी पर अंकुश लगा रखा है। वीरवार को नौतपा के पांचवें दिन भी दिन तापमान सामान्य से नीचे रहा। इस दौरान हरियाणा, एनसीआर व दिल्ली में पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव देखने को मिला। दक्षिणी जिलों में लगातार बादलों की आवाजाही बनी रही, जिसके असर से भिवानी, चरखी दादरी, रेवाड़ी, झज्जर, रोहतक, गुरुग्राम, पलवल, नूंह, फरीदाबाद, एनसीआर व दिल्ली में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज गति से हवाएं चलीं और हल्की बारिश दर्ज की गई।

### दिल्ली-नोएडा समेत एनसीआर में मौसम पलटा

आईएमडी ने जैसा कि अनुमान लगाया था कि दिल्ली-एनसीआर में तेज आंधी चलेगी, गुरुवार को शाम होते-होते मौसम अचानक बदल गया। इसके बाद दिल्ली-नोएडा समेत पूरे एनसीआर के कई स्थानों पर धूल भरी आंधी चली और गरज के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की वर्षा दर्ज की की गई। गुरुग्राम, नोएडा और गाजियाबाद में कुछ जगहों पर बारिश हुई। शुक्रवार को भी राजधानी का मौसम कुछ ऐसा ही रहेगा। आईएमडी के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार को भी तेज हवाएं चलने और बारिश की संभावना है। आईएमडी की मानें तो उत्तर भारत का मौसम भी अगले कुछ दिनों में बदल सकता है।

# टूट गई मस्क और ट्रंप की जोड़ी एलन का प्रशासन से इस्तीफा

**'एक्स' पर अपने इस्तीफे का ऐलान किया** | **लिखा-मेरा टाइम पूरा राष्ट्रपति के पसंदीदा बिल से हैं नाराज** | **टेस्ला व स्पेसएक्स के कारोबार पर ध्यान दूंगा**

भाषा ▶▶| वाशिंगटन

टेस्ला के मालिक और अमेरिकी अरबपति एलन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में अपनी भूमिका से हटने की घोषणा की है, जिससे सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के साथ विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में उनका कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। इसके साथ ही ट्रंप और मस्क की जोड़ी टूट गई। मस्क ने संघीय खर्च में कटौती और नौकरशाही में सुधार के प्रयासों के बाद पद छोड़ा है। मस्क ने बुधवार शाम को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने इस्तीफे का ऐलान किया है। उन्होंने हाल में संकेत दिया था कि अब वह अपनी कंपनी टेस्ला और 'स्पेसएक्स' के कारोबार पर ध्यान देंगे। मस्क ने 'एक्स' पर लिखा, 'विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में मेरा निर्धारित समय समाप्त हो रहा है। मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद देना चाहता कि उन्होंने मुझे फिजूलखर्ची को कम करने का अवसर दिया। 'डीओजीई' मिशन समय के साथ और मजबूत होगा क्योंकि यह जीवन का एक तरीका बन जाएगा।'



### कार्यकाल खत्म होने से एक दिन पहले इस्तीफा

ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनने के बाद डीओजीईप्रमुख के तौर पर मस्क की नियुक्ति 30 मई 2025 तक के लिए ही की थी। यानी जब मस्क ने इस्तीफा दिया, उसके एक दिन बाद ही उनका कार्यकाल खत्म हो रहा था।

### ट्रम्प के 'बिग ब्यूटीफुल बिल' के खिलाफ थे मस्क

मस्क के इस्तीफे की स्पष्ट वजह सामने नहीं आई है, लेकिन वे उस बिल का विरोध कर रहे थे जिसे ट्रम्प ने बिग ब्यूटीफुल बताया था। मस्क ने कहा था कि डीओजीई का मकसद खर्चों में कटौती करना है और यह बिल उसके खिलाफ है।

**मस्क को डीओजीई के नेतृत्व का जिम्मा सौंपा था :** अमेरिकी चुनाव में ट्रंप की जीत के बाद मस्क को 2025 में नवगठित सरकार दक्षता विभाग (डीओजीई) के नेतृत्व का जिम्मा सौंपा गया था, जिसका उद्देश्य सरकारी खर्च में कटौती और दक्षता को बढ़ाना था। मस्क ने सरकारी खर्च में भारी कटौती का लक्ष्य रखा था, लेकिन उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली और कई बार प्रशासन के अन्य सदस्यों से मतभेद भी हुए। 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) के एक अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर मस्क के इस्तीफा देने की पुष्टि की।

## आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट में दावा, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा

# रिजर्व बैंक के बही-खाते का आकार 33% बढ़कर 76.25 लाख करोड़

**मुंबई (भाषा)।** विदेशी मुद्रा लेनदेन में करीब 33% की बढ़ोतरी से वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बही-खाते का आकार बढ़कर 76.25 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसके दम पर ही केंद्रीय बैंक ने सरकार को 2.7 लाख करोड़ रुपये का बड़ा लाभांश दिया है। आरबीआई ने बृहस्पतिवार को जारी अपनी 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि देश वित्त वर्ष 2025-26 में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। दीर्घकालीन भू-राजनीतिक तनाव और भू-आर्थिक विखंडन के बीच, मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी आंकड़ों और सक्रिय नीतिगत उपायों के समर्थन से 2024-25 में अर्थव्यवस्था ने जुझारू क्षमता दिखाई। रिपोर्ट में कहा गया, 'वित्तीय क्षेत्र की मजबूती (जो बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता और अच्छी तरह से पूंजीकृत बैंकों में परिलक्षित होती है) ने आर्थिक गतिविधियों को और अधिक समर्थन दिया। कई वैश्विक चुनौतियों के बीच, भारतीय वित्तीय बाजारों ने जुझारू एवं व्यवस्थित गतिविधियों का प्रदर्शन किया।'

### मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए अच्छे संकेत

रिजर्व बैंक ने कहा कि हालांकि, आपूर्ति-श्रृंखला पर दबाव में कमी, वैश्विक जिंस कीमतों में नरमी और सामान्य से बेहतर दक्षिण-पश्चिम मानसून से कृषि उत्पादन में वृद्धि जैसे कारक मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए अच्छे संकेत हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि शुल्क नीतियों में बदलाव के चलते वित्तीय बाजारों में कहीं-कहीं अस्थिरता का प्रभाव दिख सकता है और निर्यात को " अंतर्मुखी नीतियों एवं शुल्क युद्ध" के कारण प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। (पेज 7 भी देखें)

**वैश्विक वित्तीय बाजारों में हलचल मची**

### ट्रंप के टैरिफ वाले फैसले पर अमेरिकी अदालत की रोक

**ट्रंप की आर्थिक नीतियों से संदेह**

**वाशिंगटन (एपी)।** अमेरिका की एक संघीय कोर्ट ने आपातकालीन शक्तियां कानून के तहत आयात पर भारी शुल्क लगाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी। इससे ट्रंप की उन आर्थिक नीतियों को लेकर संदेह पैदा हो गया है, जिन्होंने वैश्विक वित्तीय बाजारों को हिलाकर रख दिया है। इन नीतियों ने व्यापार साझेदारों को निराश किया व मुद्रास्फीति बढ़ने व अर्थव्यवस्था में मंदी आने की व्यापक आशंकाएं पैदा हो गई हैं।

**अमेरिकी प्रशासन का फिर दावा**

### ट्रंप के हस्तक्षेप से ही भारत और पाक के बीच संघर्ष विराम हुआ

**भारत ने फिर अमेरिकी दावे का जोरदार खंडन किया**

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** ट्रंप प्रशासन ने न्यूयॉर्क की एक अदालत को बताया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिर संघर्ष विराम तभी संभव हो पाया जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हस्तक्षेप किया और दोनों देशों को पूर्ण पैमाने पर युद्ध को टालने के लिए अमेरिका के साथ व्यापारिक पहुंच की पेशकश की। वहीं, भारत ने अमेरिका के इस दावे को फिर खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि संघर्ष विराम में किसी ने मध्यस्थता नहीं की।

**आरबीआई की नई नीति**

### अब लकड़ी के बोर्ड बनाने में काम आएंगे कटे-फटे नोट

**कागजी नोट निपटान को पर्यावरण अनुकूल बनाएंगे**

**मुंबई (भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक कागजी नोट के निपटान को और अधिक पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए कदम उठा रहा है। इसके तहत आरबीआई लकड़ी के बोर्ड (पार्टिकल बोर्ड) बनाने में कटे-फटे बैंक नोट का इस्तेमाल करेगा। केंद्रीय बैंक (आरबीआई) ने इस प्रकार का बोर्ड बनाने वालों को पैनल में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# महाराष्ट्र और राजस्थान से पाक के लिए जासूसी में दो गिरफ्तार

## ठाणे का युवक आईएसआई को भेज रहा था सूचनाएं

**राजस्थान के जैसलमेर से पकड़ा आरोपित, रोजगार कार्यालय में क्लर्क, कई बार विभाग को बिना बताए पाक यात्रा पर गया सुरक्षा एजेंसियां कर रही पूछताछ, कांग्रेस नेता का पीए रह चुका**



पाक के लिए जासूसी करने के संदेह में जैसलमेर से हिरासत में लिया गया। शकूर खान। फोटो : एजेंसी

एजेंसी ▶▶| ठाणे/जयपुर/नई दिल्ली

महाराष्ट्र के ठाणे और राजस्थान जैसलमेर से पाकिस्तान के लिए जासूसी में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि इन्होंने पाकिस्तान की यात्रा की है और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई को गोपनीय जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से भेजते थे। पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर पूछाताछ कर रही है। पुलिस ने राजस्थान सरकार के एक कर्मचारी को पाक के लिए जासूसी करने के संदेह में जैसलमेर से हिरासत में लिया गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि आरोपित कांग्रेस की पूर्व सरकार में मंत्री शाले मोहम्मद के निजी सहायक के रूप में काम करता था। जैसलमेर के जिला रोजगार कार्यालय में सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) के पद पर कार्यरत शकूर खान के मोबाइल में पाकिस्तान के कुछ फोन नंबर 'सेव' मिले हैं। शकूर खान 2011 में अपने रिश्तेदारों से मिलने और धार्मिक स्थल पर जाने के लिए 7 बार पाकिस्तान जा चुका है। आरोप है कि खान जैसलमेर से सुरक्षा संबंधी जानकारियां साझा करता था। जयपुर में केंद्रीय खुफिया एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं।

### ठाणे का व्यक्ति पाक एजेंट के हनीट्रैप में फंसा

महाराष्ट्र पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने पाक के लिए जासूसी के आरोप में ठाणे से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसे एक पाक एजेंट ने 'हनीट्रैप' में फंसाया था। पाक एजेंट ने महिला बनकर फेसबुक पर आरोपी के साथ दोस्ती की थी। आरोप है कि उसने नवंबर 2024 से मार्च 2025 तक व्हाट्सएप के जरिये 'पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव' को संवेदनशील जानकारी साझा की थी।

### दिल्ली से भी एक पकड़ा

दिल्ली पुलिस ने भी पाक के लिए जासूसी में राजस्थान के कासिम (34) को गिरफ्तार किया है। वह दो बार पाकिस्तान गया था - पहली बार अगस्त 2024 में और फिर मार्च 2025 में - और वहां करीब 90 दिन तक रहा। उस पर सेना सूचनाएं पाक को साझा करने के आरोप हैं।

**तैयारी** बुनियादी ढांचे, स्टाफ और डिजिटल सेवाओं पर ध्यान देने के लिए समितियां गठित

## प्रदेश सरकार ने जारी किए आदेश, ये समितियां तीन सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सौंपेंगी

# अब नागरिक सेवाएं सुधरेंगी, राजस्व कार्यालयों का किया जाएगा पुनर्गठन

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने नागरिक सेवाओं में सुधार के लिए सभी जिलों में राजस्व कार्यालयों का पुनर्गठन शुरू कर कर दिया है। इस पहल का उद्देश्य संपत्ति पंजीकरण, भूमि रिकॉर्ड और म्यूटेशन सेवाओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सेवा वितरण को बढ़ाना है। वित्त आयुक्त राजस्व डॉ. सुमिता मिश्रा ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग में स्टाफ, बुनियादी ढांचे और आईटी प्रणालियों में सुधार की समीक्षा करने और सुझाव देने के लिए तीन समितियों का गठन किया है और इन्हें तीन सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा है। ये समितियां कार्यालय भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, वाहनों, मानव संसाधन आवश्यकताओं और डिजिटल सेवा बुनियादी ढांचे से संबंधित मुख्य मुद्दों पर विचार करेंगी।

### क्या-क्या काम करेंगी समितियां

**मानव संसाधन समिति -** इसकी अध्यक्षता फरीदाबाद के संभागीय आयुक्त करेंगे। इसमें फरीदाबाद और नूंह के उपायुक्तों के साथ वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। यह समिति सभी जिलों में मौजूदा स्वीकृत पदों की समीक्षा करेगी। आयुक्तों, उपायुक्तों, तहसीलों के कार्यालयों और पटवारियों और कानूनगो सहित अग्रिम पंक्ति के राजस्व कर्मचारियों के लिए बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए जहां जरूरी हो, अतिरिक्त स्टाफिंग की सिफारिश करेगी। इसका उद्देश्य स्टाफ के स्तर में एकरूपता लाना और परिचालन दक्षता को बढ़ाना है।

**कार्यालय भवन, आवास, स्टाफ क्वार्टर और वाहन समिति :** इसकी अध्यक्षता प्रत्येक संभाग के संभागीय आयुक्त करेंगे, तथा उस संभाग के सभी उपायुक्त इसके सदस्य होंगे। यह समिति कार्यालय भवनों, आवासीय क्वार्टरों और राजस्व प्रशासन में उपयोग किए जाने वाले वाहनों की वर्तमान स्थिति का आकलन करेगी। समिति भूमि की उपलब्धता, वर्तमान कार्यालय स्थानों की स्थिति, मानक कार्यालय स्थान आवश्यकताओं और अधिकारियों के लिए आधिकारिक वाहनों की पर्याप्तता की भी समीक्षा करेगी।

**आईटी और डिजिटल आर्किटेक्चर कमेटी :** इसकी अध्यक्षता करनाल के डिवीजनल कमिश्नर करेंगे, जिसमें निदेशक भूमि रिकॉर्ड, विशेष सचिव राजस्व, डीसी करनाल, डीसी कुरुक्षेत्र के साथ-साथ डीआरओ नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) और भूमि रिकॉर्ड डिवीजन के अन्य अधिकारी शामिल होंगे। इसका काम मौजूदा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन और इस्तेमाल में आने वाली ऑनलाइन सेवाओं का आकलन करना है। इसके अलावा, यह एमएफएमबी के साथ एकीकरण और खरीद, ई-गिरदावरी, मॉडर्न रिकॉर्ड रूम के काम को पूरा करने और इसकी कार्य योजना पर भी काम करेगा। 47-ए स्टांप एक्ट के मामलों से निपटने के लिए एंड टू एंड मॉड्यूल तैयार करेगा।

### नागरिकों को समय पर मिलेंगी सेवाएं

तीनों समितियों को वित्तीय आयुक्त राजस्व को अपनी विस्तृत रिपोर्ट और सिफारिशें प्रस्तुत करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस पहल से राजस्व कार्यालयों के कामकाज में ठोस सुधार आने, देरी कम होने और नागरिकों को समय पर और विश्वसनीय सेवाएं मिलने की उम्मीद है।

# दक्षिण कश्मीर के पुंछ में लश्कर के दो हाइब्रिड आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के दो "हाइब्रिड आतंकवादियों" को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने कहा कि यह "बड़ी सफलता" है। हाइब्रिड आतंकवादी" वो होते हैं जो आतंकवादी के रूप में सूचीबद्ध नहीं होते हैं, लेकिन वे इतने कट्टरपंथी हो चुके होते हैं कि आतंकवादी हमलों को अंजाम दे सकते हैं। ये लोग आम लोगों के बीच रहते हैं और जब भी उन्हें मौका मिलता है हमले को अंजाम देकर फिर से सामान्य जीवन बिताने लगते हैं। अभियान का ब्योरा देते हुए अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने पुंछ के बसकुचन इलाके में बुधवार रात को विशेष सूचना के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया।



## खबर संक्षेप

### जयपुर-भटिंडा ट्रेन में मिली नशे की खेप, केस

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने जयपुर-भटिंडा ट्रेन से भारी मात्रा में नशीला पदाथ डोडा पोस्त बरामद किया है। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी। जीआरपी की टीम लोहारू स्टेशन पर खड़ी जयपुर-भटिंडा ट्रेन में चेकिंग कर रही थी। इंजन से दूसरे नंबर वाले कोच में एक प्लास्टिक का कट्टा दोनों शौचालयों के बीच रखा हुआ था। जीआरपी स्टाफ ने डिब्बे से बैठे यात्रियों से कट्टे के मालिक के बारे में पूछताछ की, तो काई भी उसका वारिस नहीं मिला। जीआरपी ने कट्टे को प्लेटफार्म पर उताकर चेक किया, तो उसमें नशीला पदार्थ डोडा पोस्त भरा हुआ था। कट्टे सहित डोडा पोस्त का वजन 15.310 किलोग्राम निकला।

### फ्लाईओवर से नीचे गिरने से युवक की मौत

**रेवाड़ी।** झज्जर रोड फ्लाईओवर से वीरवार सुबह गिरकर एक युवक की मौत हो गई। सिटी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।पुलिस के अनुसार रामसिंहपुरा निवासी 24 वर्षीय युवक जीतू घर से घूमने के लिए निकला था। अचानक वह फ्लाईओवर से नीचे गिर गया। आसपास के लोगों ने उसे तुरंत ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने अस्पताल जाकर शव को कब्जे में ले लिया। बाद में पोस्टमार्टम कराते हुए शव परिजनों को सौंप दिया।

### 1. 23 लाख रुपये लेकर बैंक कर्मचारी फरार

**गुरुग्राम।** सेक्टर-पांच थाना एरिया में ब्रांच कर्मी द्वारा 1. 23 लाख रुपये लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। ब्रांच मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के धौलपुर निवासी सुधीर शर्मा ने कहा कि भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड कंपनी की गुडग़ांव ब्रांच में मैनेजर हैं। उनकी कंपनी इंडसइंड बैंक की सहायक कंपनी हैं। मोहम्मद हसीन बैंक की नकदी लेकर फरार हो गया है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# पटियाला में सड़क हादसे में डबवाली के आढ़ती परिवार के तीन सदस्यों की मौत

## बब्बर परिवार पर कुदरत का कहर : डबवाली अग्निकाड में मारे गए थे परिवार के पांच सदस्य

सुभाष सेठी ⏭ डबवाली

■ चंडीगढ़ में पारिवारिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद कार से वापस लौट रहा था परिवार

पंजाब के पटियाला शहर के समीप वीरवार को हुए एक सड़क हादसे में डबवाली के प्रमुख आढ़ती पवन बब्बर, उनकी पत्नी कुसुमलता व युवा बेटे सिद्धांत की मौत हो गई। इस हादसे की खबर से शहर में शोक की लहर है। पवन बब्बर एक सामाजिक प्रवृति के व्यक्ति थे और शहर में उनकी अच्छी पहचान थी। पवन बब्बर चंडीगढ़ में रह रही अपनी छोटी बेटी के घर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद कार से डबवाली लौट रहे थे कि रास्ते में पटियाला के पास हादसा हो गया और कार सवार तीनों लोग काल का ग्रास बन गए। जिस वक्त हादसा हुआ तो उनकी गाड़ी के पीछे थोड़ी ही दूर उनकी डबवाली में विवाहिता बड़ी बेटी प्रिया व दामाद चयन अपनी कार से आ रहे थे। उन्होंने मौके पर आकर जब देखा तो सब हादसे में खत्म हो चुका था। वहीं पटियाला पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही हादसे के कारणों का खुलासा होगा।



### त्रासदी के बाद दंपति ने बेटा गोद लिया था

पवन बब्बर के परिवार के साथ कुदरत ने पहले भी डबवाली अग्निकांड में क्रूरता दिखाई थी। डबवाली अग्निकांड में इस परिवार ने पांच सदस्य खोए थे। डबवाली अग्निकांड में पवन बब्बर के भाई रवि बब्बर का पूरा परिवार त्रासदी का शिकार हो गया था। इस अग्निकांड में पवन बब्बर का एक बेटा व उनके दूसरे भाई सुरेश का भी एक लड़का अकाल मृत्यु का शिकार हुए थे। पवन के पारिवारिक मित्र बताते हैं कि अग्निकांड की इतनी बड़ी त्रासदी के बाद पवन ने बेटे को गोद लिया और अब फिर कुदरत ने इस परिवार पर कहर किया और यह हादसा हो गया। शहर में जैसे ही यह खबर पहुंची पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। लोगों की आंखें नम थी। पारिवारिक सदस्यों के मुताबिक तीनों मृतकों का शुक्रवार को डबवाली में अंतिम संस्कार किया जाएगा। हादसे से परिवार में शोक का माहौल है।

# सोशल मीडिया पर हथियारों सहित फोटो पोस्ट करने पर दो गिरफ्तार

## पुलिस ने मोबाइल जब्त किए, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने वालों की धरपकड़ करते हुए जिला पुलिस ने वीरवार को दो अलग-अलग मामलों में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में टोहाना पुलिस ने कपूर उर्फ गोलू पुत्र राजबीर सिंह, निवासी गांव पारतां को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है, जिसका उपयोग उसने उक्त फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के लिए किया था। थाना सदर टोहाना से एसआई शादीराम ने बताया कि इस बारे पुलिस द्वारा 27 फरवरी को शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद सीआईए टोहाना की टीम, एएसआई सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान सक्रिय थी, तभी उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि गांव पारतां निवासी कपूर उर्फ गोलू ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर पिस्तौल के साथ अपनी फोटो पोस्ट कर आमजन में भय का माहौल पैदा किया है। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस ने आरोपी की सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच की और उसके खिलाफ थाना सदर टोहाना में शस्त्र अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। तत्पश्चात, जांच अधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।दूसरे मामले में भूना पुलिस ने संदीप उर्फ सन्नी उर्फ बच्ची पुत्र करनैल सिंह निवासी वार्ड नं. 14, भूना को गिरफ्तार किया है। थाना भूना प्रभारी इंस्पैक्टर सुरेन्द्रा ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 30 दिसम्बर 2024 को शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। भूना पुलिस की टीम एसआई रविन्द्र के नेतृत्व में गश्त पर थी तो उन्हें सूचना मिली कि प्रदीप कुमार उर्फ दीप पुत्र करनैल सिंह निवासी वार्ड नं. 14 भूना ने अपने भाई संदीप कुमार की हथियार के साथ फोटो फेसबुक पर अपलोड की हुई है।

# लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी, बुल रन वे कंपनी के निदेशकों समेत पांच पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

## निवेश राशि पर हर रोज एक प्रतिशत ब्याज देने का दिया झांसा

**जींद।** कंपनी में निवेश करने पर अच्छे मुनाफे का झांसा देकर निवेशकों को करोडों रुपये का चूना लगाने का मामला सामने आया है। निवेशकों की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने बुल रन वे कपनी के चार एमडी समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कंपनी मे निवेश करने वाले सुरेंद्र, राजेंद्र, सतनाम समेत अन्य निवेशकों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका संपर्क बरनाला निवासी बूटा सिंह तथा उसके साथियों से हुआ। जिन्होंने बताया कि उनकी बुल रन वे कपनी में निवेश करने पर अच्छा खासा मुनाफा देती है। कंपनी क्रिप्टो में ट्रेडिंग करती है। निवेश राशि पर हर रोज एक प्रतिशत ब्याज देती है। आरोपित के झांसे में आकर सुरेंद्र ने 9.98 लाख रुपये, राजेंद्र ने डेढ़ लाख रुपये, सतनाम ने एक लाख 70 हजार रुपये, सरोजबाला में साढ़े तीन लाख रुपये तथा अन्य ने लगभग एक करोड़ का निवेश कंपनी में किया। ब्याज राशि उनके वायलेट में दिखती रही। जब उन्होंने कंपनी के एमडी बूटा सिंह, उसके पार्टनर विकास जोशी से संपर्क करना चाहा तो आरोपितों ने फोन नही उठाए। उन्हें बाद में पता चला कि कंपनी बंद कर दी गई है। आरोपित अब उनकी निवेश राशि को नहीं लौटा रहे हैं। शहर थाना पुलिस ने निवेशकों की शिकायत पर बुल रन वे कंपनी के एमडी बूटा सिंह, विकास जोशी, गुरमीत सिंह, मलकित सिंह तथा एक अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

# साइबर ठगों को बैंक खाता उपलब्ध करवाने के आरोप में वकील काबू

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम साउथ पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट करके ठगी करने के मामले में एक आरोपी को यूपी के ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से अन्य साथी आरोपियों व अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जाएगी। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है।दरअसल, 23 मई को एक व्यक्ति ने साइबर क्राइम साउथ थाना में दी शिकायत में बताया कि जालसाज ने पुलिस अधिकारी बनकर व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट किया था। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करके कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को यूपी के ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान नोएडा के सेक्टर-10 निवासी आनंद कुमार शुक्ला (35 साल) के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी आनंद कुमार शुक्ला (खाताधारक) पेशे से वकील है और मुख्य रूप से दिल्ली में वकालत करता है। डिजिटल अरेस्ट करके पीड़ित से ठगी गई राशि में से 18 लाख रुपये आरोपी आनंद कुमार शुक्ला के बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए थे। एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान ने बताया कि आरोपी आनंद कुमार शुक्ला ने अपना बैंक खाता अपने एक अन्य साथी को बेचा हुआ था। इसके बदले आरोपी आनंद कुमार शुक्ला के बैंक में ट्रांसफर हुई राशि का तीन फीसदी हिस्सा मिलना था। आरोपी अपने अन्य साथी आरोपी से 50 हजार रुपये प्राप्त भी कर चुका था।

### एटीएम से छेड़छाड़ कर नकदी निकाली, केस

**गुरुग्राम।** शहर थाना एरिया स्थित केनरा बैंक के एटीएम बूथ में सेंधमारी कर रुपए निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में केनरा बैंक के चीफ मैनेजर भुवनेश अरोड़ा ने कहा कि बीती 25 मई की सांय करीब साढ़े पांच बजे अज्ञात लोगों ने गुरुद्वारा रोड स्थित एटीएम बूथ के डिस्पेंसर का दरवाजा तोड़ दिया। यह तोडफ़ोड़ पहले भी 9 मई व 18 मई को की गई थी। सीसीटीवी देखने पर पता चला कि तोडफ़ोड़ पहले वाले व्यक्तियों ने ही की है। पहले की गई तोडफ़ोड़ में 9 मई को एटीएम से छेड़छाड़ करके 10 हजार रुपए निकाले गए थे। इसके बाद 18 मई को डिस्पेंसर के दरवाजे से छेड़छाड़ कर तीन हजार रुपए निकाले गए थे।

**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भैणी जाटान के तीन तालाब आदम वाला, सती वाला तथा नंदा वाला तालाबों की मछली पालन हेतु पांच वर्ष के लिए सामान्य चौपाल में दिनांक 06.06.2025 को सुबह 10 बजे खुली बोली की जाएगी और सिक्योरिटी राशि मुल्य 50,000/- मौके पर जमा करानी होगी और शेष शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

सरपंच
श्री सुनील कुमार गोयत
ग्राम पंचायत भैणी जाटान
मो. 8168203526

ग्राम सचिव
श्री धर्मवीर शर्मा
ग्राम पंचायत भैणी जाटान

# बागेश्वर बाबा की कथा सुनने पहुंचे नेता व आमजन

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़




पंचकूला के दशहरा ग्राउंड में हनुमान कथा करने पहुंचे बागेश्वर धाम के बागेश्वर सरकार द्वारा की जा रही हनुमान कथा का क्रेज आम हो या खास सभी के सिर चढ़कर बोल रहा है। यहां पहले दिन जहां हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहुंचे और आशीर्वाद लिया। वहीं बीती रात राज्यपाल हरियाणा बंडारू दत्तात्रेय, पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया पहुंचे और कथा व्यास बागेश्वर सरकार से मिले आशीर्वाद लिया। इतना ही नहीं राज्य सरकार के कईं मंत्री कृष्ण पंवार, कृष्ण बेदी भी बागेश्वर सरकार की कथा में पहुंचकर आशीर्वाद ले चुके हैं। बागेश्वर सरकार पंचकूला की कथा में अपने चिर परिचित अंदाज में जहां हिंदू राष्ट्र बनाने का संकल्प दोहरा रहे हैं, वहीं ऑपरेशन सिंदूर में भारत के योद्धा सैनिकों को लेकर भी खुले मुख से प्रशंसा कर चुके हैं। पंचकूला सेक्टर 12-ए स्थित सरकारी आवास में ठहरे बागेश्वर सरकार से मिलने के लिए वहां पर भी लोग घंटों घंटों इंतजार कर रहे हैं। खास बात यह है कि यहां आवास पर विधायक, पूर्व विधायक, प्रशासनिक अफसर वीवीआईपी, विभिन्न आयोग चेयरमैन भी पहुंच रहे हैं। बृहस्पतिवार को कथा सुनने वालों का तांता लगा रहा।

### युवती का रास्ता रोककर मारने की धमकी, हवा में दागीं पांच गोलियां

**गुरुग्राम।** सुशांत लोक थाना एरिया में बाइक सवार युवक द्वारा सहेली के साथ घूमने जा रही युवती को रोककर गोली मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। युवक यही नहीं रुका उसने पिस्टल निकालकर चार-पांच राउंड हवाई फायर भी किए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नॉर्थ दिल्ली की रहने वाली लक्ष्मी वर्मा उर्फ महक ने कहा कि वह वर्तमान में क सेक्टर-44 में परिवार सहित रहती है। पिछले एक माह से वह सेक्टर-44 में रहने वाले सत्यव्रत उर्फ सत्य पंडित के पास पिछले एक माह से मैनेजमेंट की प्राइवेट जॉब करती है। उसकी दोस्त जम्मू मूल की अनु राजपूत भी सेक्टर-44 में ही रहती है। बीती रात करीब सवा दस बजे लक्ष्मी अपनी दोस्त अनु राजपूत के साथ सेक्टर-53 की हुडा मार्केट के लिए जा रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार सत्यव्रत उर्फ सत्य पंडित आया। उसने लक्ष्मी के सामने बाइक रोकी और उसे गोली मारने की धमकी दी। यही नहीं उसने हवाबाजी और गुंडागर्दी दिखाते हुए पिस्टल निकालकर हवा में लहराई और करीब 4-5 राउंड फायर कर दिए।

**उत्तर रेलवे**

उत्तर रेलवे, अम्बाला मंडल के अंतर्गत आने वाले 32 स्टेशनों स्थानों पर जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक की नियुक्ति हेतु आवेदन

NR-UMBOCOML(CG)/94/2025 दिनांक : 28.05.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा 32 स्टेशनों पर 03 वर्षो की अवधि के लिए जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक की नियुक्ति हेतु इच्छुक उम्मीदवारों से मोहरबंद निविदाएँ आमंत्रित किए जाते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT संख्या एवं दिनांक | NR-UMB0COML(CG)/94/2025 dt 28.05.2025 |
| 2 | रेलवे की वेबसाइट | www.nr.indianrailways.gov.in |
| 3 | निविदा पत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि | 30.05.2025 |
| 4 | निविदा पत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 26.06.2025 को 14:00 बजे |
| 5 | निविदा पत्र जमा करने की तिथि एवं स्थान | 26.06.2025 को 10:00 hrs से 15:00 बजे तक |
| 6 | निविदा पत्र खुलने की तिथि एवं स्थान | 26.06.2025 को 15:30 बजे (O/o प्रवर मण्डल वाणिज्य प्रबंधक अम्बाला छावनी, हरियाणा–133031) |
| 7 | स्टेशन के नाम | अम्बाला कैंट, चंडीगढ़, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, राजपुरा, सरहिन्द, कालका, पटियाला, बठिंडा, उना हिमाचल, अबोहर, बराडा, अम्बाला सिटी, धुरी, बरनाला, गीदड़बाहा, जगाधरी वर्कशॉप, मंडी गोबिंदगढ़, चंडीमंदिर, शिमला, कुराली, रोपड, नंगलडैम, कीरतपुर साहिब, आनंदपुर साहिब, नाभा, खन्ना, रामपुरा फूल, मलौट, मलेरकोटला, संगरूर, सुनाम उधम सिंह वाला |

आवेदन पत्र को वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी के कार्यालय से, मनी रिसीप्ट / डिमांड ड्राफ्ट/ नकद के रुप में, रु० 1180/- (18% GST सहित) के आवेदन शुल्क के भुगतान के उपरान्त, लिया जा सकता है। आवेदन पत्र को रेलवे वेबसाइट से डाउनलोड किये जाने की स्थिति में, आवेदन के साथ रु. 1180/- का मनी रिसीप्ट / डिमांड ड्राफ्ट/ नकद लगाया जाना अनिवार्य होगा। डिमांड ड्राफ्ट, वरि. मंडल वित्त प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी के पक्ष में जारी किया जाना चाहिए।

1597/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

# सुरजेवाला का केंद्र पर जोरदार प्रहार, न युवाओं को रोजगार मिला, न किसानों को एमसपी, न ही बेटियों का सिंदूर सुरक्षित

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



■ कांग्रेस महासचिव बोले, सरकार की नीतियों से किसान परेशान, हालत खराब

अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के महासचिव, कर्नाटक प्रभारी और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला। खासकर किसानों की समस्याओं, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), और सरकार की नीतियों के खिलाफ। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने किसानों को लागत प्लस 50 फीसदी मुनाफा देने के वादे को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि एमएसपी पर फसलों की खरीद सुनिश्चित नहीं की जा रही, जिसके कारण किसान परेशान हैं और आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार किसानों की आय बढ़ाने के जुमले तो सुनाती है, लेकिन जमीनी हकीकत में किसानों को उनके हक से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि एमएसपी गारंटी कानून क्यों नहीं बनाया जा रहा, जो किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिला सके। सुरजेवाला ने किसानों के साथ-साथ बेरोजगारी के मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने गत 26 मार्च को दिल्ली के जंतर-मंतर पर बेरोजगारों के प्रदर्शन में शामिल होने के दौरान खाली पड़े सरकारी पदों का मुद्दा उठाया था और पूछा था कि इन पदों पर भर्ती क्यों नहीं हो रही। सुरजेवाला ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के एक बयान पर पलटवार किया। सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा के शासन में न युवाओं को रोजगार मिला, न किसानों को एमसपी, न ही बेटियों का सिंदूर सुरक्षित है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

संख्याः एस.डब्लू/सिग/अंबाला/एन.आई.टी.-03/2025-26 दिनांक: 29.05.2025


| क्र. स. | निविदा सं. | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि समय | अनुमानित लागत ₹ | धरोहर राशि ₹ | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओटी-06/2025-26 | प्रोविजन ऑफ आई. बी. एस बिटविन सरसावा (एस.एस. डब्लू) –कलानौर (के.एन. जेड) स्टेशन ऑन अंबाला–सहारनपुर सेक्शन ओवर अंबाला डिविजन। | 24.06 2025 at 15.00 hrs | ₹ 9421646.68/- | ₹ 188400/- | 180 दिन |
| 2 | ओटी-07/2025-26 | दा वर्क फॉर काम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मैन्ट्नन्स कान्ट्रैक्ट ऑफ एम/एस सीमेंस मैक वेस्टरेस इलेक्ट्रॉनिक इन्टरलॉकिंग सिस्टम ओवर अंबाला डिविजन। | 24.06.2025 at 15.00 hrs | ₹ 38065987.44/- | ₹ 340300/- | 36 महिने |
| 3 | ओटी-08/2025-26 | दा वर्क फॉर काम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मैन्ट्नन्स कान्ट्रैक्ट ऑफ एम/एस मेधा मैक (एम.एस.डी.ए.सी) सिस्टम इन राजपुरा–सराय बनजारा एण्ड सराय बनजारा साधुगढ़ ऑटोमटिक सेक्शन ओवर अंबाला डिविजन फॉर पीरीयड ऑफ थ्री एयर्स। | 24.06.2025 at 15.00 hrs | ₹ 12666940.38/- | ₹ 213300/- | 36 महिने |

**नोटः** वरि. मंडल सिग. एवं टेली. इंजी./उ.रे., डी.आर.एम. ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारो से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दशार्थी गयी तिथि अनुसार **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारो के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करे। **5.** टैन्डर डाकूमैंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे बेवसाईट **www.ireps.gov.in** पर लाग ऑन करें। **6.** निविदाकारो को **ई–टेण्डरिंग** में भाग लेने के लिए उनके पास **क्लास-III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट** होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारो से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ ले।

1603/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 5882




**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव–5
4.गुंडा, बदमाश–3
6.समान–2
7.वारंट, निर्गमपत्र–3
8.पत्र, पाती–2
10.आश्रय–3
11.भेंट, पुरस्कार–4
14.अनुमान, अंदाज–3
16.जो लायक न हो–4
17.एक खलनायक–2
18.जीव, जीवन–2
19.जांचना–परखना–4
21.ख्वाब, स्वप्न–3
22.बलशाली–4
24.रेखा, पंक्ति–3
25.प्यार (अंग्रेजी में–2)
27.भाग्य, किस्मत–3
28.पैंतरा, पारी–2
29.डांट–डपट, घुड़की–3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा–5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम–5
2.सीता के पति–2
3.रोना, विलाप करना–4
4.सोच–विचार–3
5.जूं का अंडा–2
7.चाहने का भाव–2
9.भारत–पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक–3
12.दशानन–3
13.मधुशाला–4
15.गुजर–बसर–3
16.नामांकित–4
17.मसविदा, रुप–रेखा–3
18.गंवार–3
20.मन को भाने वाला–5
21.आसान, सीधा–3
22.बारिश–4
23.पागल–3
24.होठ, अधर–2
26.हत्या–2
28.अन्न का एक कण–2

### शब्द पहेली- 5881 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | हा | भा | र | त | | प | र | वा | ना |
| त | न | | स्क | | मा | हि | र | | र | ग |
| न | | त | र | क | श | | ख | र | | वा |
| ब | न्ध | क | | | बी | वी | | न | ज | र |
| द | | दी | | दा | न | | फां | | ल | |
| न | ज | र | बं | द | | न | सी | ब | वा | ला |
| | रु | | दी | | म | न | | च | | प |
| श | री | र | | जं | हा | | | प | गा | र |
| रा | | न | म | | सा | ग | वा | न | | वा |
| फ | ल | | स | ज | ग | | च | | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | | र | द्द | क | र | ना | |




## पहले क्वालीफायर में पंजाब किंग्स को आठ विकेट से हराया

# सॉल्ट का अर्धशतक, आरसीबी चौथी बार आईपीएल के फाइनल में पहुंची

मुल्लांपुर ▸▸| भाषा

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट (नाबाद 56 रन) के अर्धशतक से बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले क्वालीफायर में पंजाब किंग्स को 10 ओवर रहते आठ विकेट से हराकर तीन जून को होने वाले फाइनल में प्रवेश किया। आईपीएल प्लेऑफ में यह बची हुई गेंद (60 गेंद) के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इस तरह आरसीबी ने चौथी दफा आईपीएल फाइनल में जगह बनाई। यह 2016 के बाद उसका पहला फाइनल होगा।पंजाब किंग्स हारने के बावजूद फाइनल में पहुंचने का एक और मौका मिलेगा जो दूसरे क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले एलिमिनेटर के




विजेता से भिड़ेगी। आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया और गेंदबाजों ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए पंजाब किंग्स को 14.1 ओवर में महज 101 रन पर समेट दिया। फिर सॉल्ट ने विराट कोहली (12) के साथ पहले विकेट के लिए 20 गेंद में 30 रन और मयंक अग्रवाल (19) के साथ दूसरे विकेट के लिए 27 गेंद में 54 रन जोड़कर आरसीबी को 10 ओवर में दो विकेट पर 106 रन बनाकर आसान जीत दिलाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली ने पारी की दूसरी गेंद पर अर्शदीप सिंह पर चौका जड़ा और अगले ओवर में काइल जैमीसन की गेंद को सीमारेखा के पार सॉल्ट ने तीसरे ओवर में अर्शदीप पर एक चौका और डीप मिडविकेट पर एक छक्का जड़ा। पर कोहली 12 रन बनाकर जल्दी आउट हो गए। वह चौथे ओवर में जेमीसन की गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर जोश इंगलिस को कैच दे बैठे। सूयश शर्मा की जगह 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर उतरे मयंक अग्रवाल को जैमीसन ने दबाव में लाने का प्रयास किया। लेकिन दूसरे छोर पर खड़े सॉल्ट ने दमदार शॉट लगाकर टीम को आसानी से फाइनल में पहुंचने की ओर अग्रसर किया। पावरप्ले के अंतिम ओवर में सॉल्ट ने जैमीसन पर तीन चौके और एक छक्के से 21 रन जुटाए जिससे आरसीबी ने छह ओवर में एक विकेट पर 61 रन बना लिए। सॉल्ट ने 23 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के से अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनका आईपीएल में सबसे तेज अर्धशतक भी है। कप्तान रजत पाटीदार (नाबाद 15 रन) ने 10वें ओवर की अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई। पंजाब किंग्स को अपने अति-आक्रामक रवैये का खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे उसके सिर्फ तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके जिसमें मार्कस स्टाइनिस ने सर्वाधिक 26 रन बनाए।

# ज्योति और साबले बने चैंपियन, एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण पदक

एजेंसी ▸▸| गुमी

भारत की महिला बाधा दौड़ की नंबर एक धाविका ज्योति याराजी और राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपनी-अपनी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते।

साबले सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले 36 साल में पहले भारतीय पुरुष बन गए। इसके तुरंत बाद ज्योति ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 12.96 सेकंड का चैंपियनशिप का नया रिकॉर्ड बनाते







हुए इस प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। पिछला रिकॉर्ड 13.04 सेकंड का था, जिसे 1998 में कजाकिस्तान की ओल्गा शिशिगिना और 2011 में चीन की सन यावेई ने बनाया था।

### पदक का बचाव करने वाली 5वीं एथलीट

ज्योति ने 2023 में एशियाई चैंपियनशिप में 13.09 सेकंड के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 12.78 सेकंड है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ज्योति एशियाई चैंपियनशिप की 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक का बचाव करने वाली पांच एथलीटों के चुनिंदा क्लब में शामिल हो गईं। उनसे पहले यह उपलब्धि जापान की एमी अकीमोटो (1979, 1981, 1983) तथा चीन की तीन खिलाड़ियों झांग यू (1991, 1993), सु यिनपिंग (2003, 2005) और सुन यावेई (2009, 2011) ने हासिल की थी।

### दूसरा एशियन पदक

साबले ने 8:20.92 सेकंड का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। यह एशियाई चैंपियनशिप में उनका दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 2019 में रजत पदक जीता था। उनका आज का प्रदर्शन हालांकि 2024 में हासिल किए गए उनके 8:09.91 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के कहीं भी करीब नहीं था। भारत की तरफ से इससे पहले दीनाराम ने 1989 में इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। हरबेल सिंह 1975 में पुरुषों की स्टीपलचेज स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय थे।ज्योति से पहले साबले ने अपनी पसंदीदा स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते स्वर्ण पदक जीता और चैंपियनशिप में भारत की स्थिति मजबूत की। जापान के युतारो नीनाए ने 8:24.41 सेकंड के साथ रजत पदक जीता।

खास खबर

## नमन और अंशुल थाईलैंड ओपन के फाइनल में पहुंचे



**बैंकॉक।** भारत के हैवीवेट मुक्केबाज नमन तंवर (90 किग्रा) और अंशुल गिल (90 किग्रा से अधिक) ने बृहस्पतिवार को यहां उज्बेकिस्तान के अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मुकाबले में जीत हासिल कर थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। नमन ने जुराबोव एल्योरबेक को 4-1 से हराया जबकि अंशुल ने रुस्तमोव अब्दुरखमोन को 3-2 से मात दी। दोनों भारतीयों ने धीमी शुरुआत की लेकिन फिर नियंत्रण बनाते हुए दमदार मुक्के जमाकर विभाजित फैसले में जीत से एक जून को होने वाले फाइनल में जगह पक्की की। भारत ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 19 सदस्यीय मजबूत दल उतारा है जिसमें चीन, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, दक्षिण कोरिया और मेजबान थाईलैंड जैसे मजबूत देशों के प्रतिभाशाली मुक्केबाज शामिल हैं। महिलाओं के सेमीफाइनल में तमन्ना (51 किग्रा), प्रिया (57 किग्रा) और लालफाकमावी (80 किग्रा) संघर्ष के बाद बाहर हो गईं और तीनों को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

### भारतीय हॉकी टीम यूरोप रवाना

**बेंगलुरु।** दुनिया के हॉकी खेलने वाले कुछ शीर्ष देशों के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद के साथ भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए रवाना हुई। प्रतियोगिता का यूरोपीय चरण सात से 22 जून के बीच नीदरलैंड के एम्सटेलवीन और बेल्जियम के एंटवर्प में होगा। टीम के रवाना होने से पहले कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'यूरोपीय चरण हमारे लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारा सामना दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों से होगा।

### भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के साथ खेलेगी तीन वनडे मैच

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस साल देश में होने वाले आईसीसी विश्व कप की तैयारी के तौर पर सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की घरेलू एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई ने साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की पुरुष 'ए' टीमें सितंबर से नवंबर के बीच भारत का दौरा करेंगी और इस दौरान बहुदिवसीय और सीमित ओवरों के क्रिकेट मैच खेले जाएंगे।

## नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट : गुकेश ने की 19वें जन्मदिन पर नाकामूरा को हराकर वापसी



एजेंसी ▸▸| स्टेवेंगर


विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अपने 19वें जन्मदिन के मौके पर तीसरे दौर में अमेरिका के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामूरा को हराकर अपने अंकों का खाता खोला।

नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में गुरुवार को यहां अर्जुन एरिगेसी को पहली हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती दो दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और हमवतन अर्जुन एरिगेसी के खिलाफ शिकस्त झेलने वाले गुकेश ने रेपिड और ब्लिट्ज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक नाकामूरा को समय के दबाव में रखा और 42 चाल में बाजी जीतकर तीन अंक जुटाए। गुकेश सफेद मोहरों से खेलते हुए छह खिलाड़ियों के इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करके तीन अंक के साथ चीन के नंबर एक खिलाड़ी वेई यी से आगे पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश ने कहा, 'काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं। मुझे लगता है कि पहले की तुलना में आज मेरा समय प्रबंधन काफी बेहतर था। उसे (नाकामूरा को) कुछ मौके मिले लेकिन कुल मिलाकर मुकाबला अच्छा था।' अच्छी शुरुआत करने के बाद एरिगेसी को ग्रैंडमास्टर फाबियानो करुआना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। गत चैंपियन कार्लसन को आर्मागेडोन टाईब्रेक में चीन के वेई यी ने हराया।

### करुआना छह अंक के साथ शीर्ष पर

करुआना तीन और अंक जुटाकर छह अंक के साथ शीर्ष पर हैं। कार्लसन पांच अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। एरिगेसी और नाकामूरा 4.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं।

टूर्नामेंट की शुरुआत नाकामूरा के खिलाफ हार से करने वाले करुआना लगातार दो जीत के साथ लाइव रेटिंग में एरिगेसी को पछाड़कर दोबारा दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी बन गए हैं।



## चिंतन

# अर्थव्यवस्था के आकार में वृद्धि ठीक, पर आर्थिक सुधार जरूरी

अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर नई उपलब्धियों से भारत का आर्थिक आकार और बड़ा हो गया है। केंद्रीय बैंक के आकार में 33 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ोतरी से वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बही-खाते का आकार बढ़कर 76.25 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह 31 मार्च, 2024 तक 70.47 लाख करोड़ रुपये था। यह उपलब्धि विदेशी मुद्रा लेनदेन में हुई वृद्धि के चलते हासिल हुई है। अभी कुछ दिन पहले ही रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को 2.7 लाख करोड़ रुपये का बड़ा लाभांश दिया है। यह बड़ी धनराशि है, जो रिजर्व बैंक की मजबूती को दिखाता है। नीति आयोग के मुताबिक, क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के संदर्भ में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार पहले से ही 15,000 अरब डॉलर है, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था के आधे से भी अधिक है। अमेरिका की अर्थव्यवस्था 29,000 अरब डॉलर पर है। क्रय शक्ति समता (पीपीपी) का उपयोग विभिन्न देशों के बीच मुद्राओं के सापेक्ष मूल्य की तुलना करने के लिए किया जाता है। बाजार विनिमय दर का उपयोग करने के बजाय, पीपीपी उन वस्तुओं और सेवाओं की मात्रा पर ध्यान केंद्रित करता है जिन्हें प्रत्येक देश में मुद्रा की एक निश्चित राशि के साथ खरीदा जा सकता है। नीति आयोग ने अभी आंकड़े जारी कर कहा था कि भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसको लेकर कुछ आलोचना भी हुई, क्योंकि भारत के अधिकांश आर्थिक संकेतक या तो नीचे हैं या सुस्त हैं। इस पर ही नीति आयोग ने एक तरह से सफाई दी है कि बड़ी या छोटी अर्थव्यवस्था बाजार मूल्यों पर आंके जाते हैं, जबकि उत्पादकता को मापने का वास्तविक तरीका क्रय शक्ति समता (पीपीपी) है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में नीति आयोग ने आंकड़ा दिया कि हम बाजार मूल्यों पर 4,000 अरब डॉलर के जीडीपी पर हैं, पर पीपीपी के संदर्भ में, हम 15,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं। आरबीआई ने अपनी 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में भरोसा दिया है कि देश वित्त वर्ष 2025-26 में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। दीर्घकालीन भू-राजनीतिक तनाव और भू-आर्थिक विखंडन के बीच, मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी आंकड़ों और सक्रिय नीतिगत उपायों के समर्थन से 2024-25 में अर्थव्यवस्था ने जुझारू क्षमता दिखाई। रिजर्व बैंक को महंगाई दर चार फीसदी के लक्ष्य के अनुरूप रहने की पूरी उम्मीद है, इससे कर्ज महंगे होने की संभावना क्षीण दिखाई दे रही है। महंगाई दर में गिरावट के बाद केंद्रीय बैंक ने लगातार दो समीक्षाओं में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि देश में डिजिटल मुद्रा का चलन बढ़ रहा है। मार्च 2025 के अंत तक केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) या ई-रुपये का मूल्य बढ़कर 1,016 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे एक साल पहले 234 करोड़ रुपये था। अब सीबीडीसी के जरिये सीमापार भुगतान को प्रायोगिक आधार पर शुरू करने की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। यह रिजर्व बैंक का डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का भविष्योन्मुखी प्लान है। अर्थव्यवस्था के आकार में वृद्धि और डिजिटल करेंसी की दिशा में प्रगति से भारतीय अर्थव्यवस्था की मूल समस्याएं ज्यों की त्यों हैं। जीडीपी सुस्त है, निर्यात घट रहा है, व्यापार घाटा चिंताजनक स्तर पर है, विदेशी निवेश में उत्साह नहीं है, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक और आठ कोर इंडस्ट्री सेक्टर में गिरावट है। देश को तत्काल आर्थिक सुधार की जरूरत है।



उपलब्धियां

जी. किशन रेड्डी

# नवाचार से बढ़ रहा कोयला क्षेत्र

> 'शक्ति नीति' में संशोधन कोयला क्षेत्र में सुधारों की एक सतत श्रृंखला में से एक है जिसका उद्देश्य थर्मल पावर प्लांट्स (टीपीपी) को पारदर्शी तरीके से कोयला आवंटित करना और इसके आसपास की प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। यह पिछले वित्तीय वर्ष में कोयला उत्पादन और प्रेषण में 1 बिलियन मीट्रिक टन को पार करने वाली भारत की दोहरी उपलब्धि के बाद आया है, जो सीधे तौर पर खनन से जुड़े लगभग 5 लाख श्रमिकों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। अनेक लोग और भी हैं जो अप्रत्यक्ष रूप से इस क्षेत्र में योगदान करते हैं। भारत को ये उपलब्धियां एक दशक के अथक प्रयास, कड़े परिश्रम, गहन सुधारों और ऐतिहासिक निर्णयों का परिणाम है।

बीते दिनों जब सीमा पर संघर्ष चरम पर था और भारतीय वीर जवान ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा हमारे निर्दोष लोगों की हत्या और हमारी 'नारी शक्ति' के अपमान का बदला दुश्मन से ले रहे थे, तब आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने ऊर्जा सुरक्षा के लिए 'शक्ति नीति' में संशोधन को मंजूरी दी, जिससे एक बार फिर दिखा कि सरकार की बहु-कार्य क्षमताएं कई मुद्दों पर कई परिणामों को एक साथ प्राथमिकता दे सकती हैं। 'शक्ति नीति' में संशोधन कोयला क्षेत्र में सुधारों की एक सतत श्रृंखला में से एक है जिसका उद्देश्य थर्मल पावर प्लांट्स (टीपीपी) को पारदर्शी तरीके से कोयला आवंटित करना और इसके आसपास की प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। यह पिछले वित्तीय वर्ष में कोयला उत्पादन और प्रेषण में 1 बिलियन मीट्रिक टन को पार करने वाली भारत की दोहरी उपलब्धि के बाद आया है, जो सीधे तौर पर खनन से जुड़े लगभग 5 लाख श्रमिकों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। इसके अलावा अनेक लोग और भी हैं जो अप्रत्यक्ष रूप से इस क्षेत्र में योगदान करते हैं।

भारत को ये उपलब्धियां रातों-रात प्राप्त नहीं हुई है, बल्कि ये परिवर्तन एक दशक के अथक प्रयास, कड़े परिश्रम, अटूट विश्वास, गहन सुधारों और ऐतिहासिक निर्णयों का परिणाम है। 2014 में कोयला क्षेत्र पूरी तरह अव्यवस्थित था। तेजी से बढ़ती मांग की तुलना में कोयले के उत्पादन में गंभीर घाटा था। कोयला और लिग्नाइट उत्पादन में 2009-2010 में 566 मिलियन टन से 2013-2014 में 610 मिलियन टन की एक मामूली वृद्धि देखी गई। एक बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में हमारी जरूरतों के लिए 1.5% की संचयी वार्षिक वृद्धि दर पर्याप्त नहीं थी। 2014 में इसे नव निर्वाचित नरेंद्र मोदी सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक माना जा रहा था। 2015 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 204 कोयला ब्लॉकों को रद करने से सरकार को परिवर्तनकारी बदलाव की तलाश करने का अवसर मिला। ग्यारह साल बाद मार्च-2025 तक, लगभग 150 कोयला खदानों की सफलतापूर्वक नीलामी की जा चुकी है। जून, 2020 में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा वाणिज्यिक कोयला खनन के शुभारंभ के बाद से, 11 दौर पूरे हो चुके हैं और वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी का 12वां दौर जो हाल ही में मार्च, 2025 में शुरू किया गया था, प्रगति पर है। परिणाम खुद ही बोलते हैं: पिछले एक दशक में भारत के कोयला उत्पादन में 70% की वृद्धि देखी गई है। ये पारदर्शिता, दक्षता और स्थिरता के साथ एक बड़ी वृद्धि भी है और एक बड़ी उपलब्धि भी, जिसमें राज्य सरकारें सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक रही हैं, जिन्होंने पूरे खनन क्षेत्र के लिए लगभग 4.4 लाख करोड़ रुपये और विशेष रूप से कोयला क्षेत्र के लिए 1.6 लाख करोड़ रुपये, केवल नीलामी प्रीमियम और विभिन्न राज्य सरकार के खजाने में प्राप्त रॉयल्टी के माध्यम से प्राप्त किए हैं। स्वतंत्रता के बाद, कोयला उत्पादन को बढ़ाने और विकास के एक नए युग की शुरुआत करने का एक बड़ा अवसर था। मगर निजी क्षेत्र का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने के लिए रणनीतिक समझ की कमी नुकसानदेह थी। माल ढुलाई समानीकरण नीति जैसी नीतियों ने खनन क्षेत्रों के करीब उद्योग स्थापित करने के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं दिया, बल्कि कारखानों को दूर स्थापित



करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ। 17 मई 1957 को तत्कालीन इस्पात, खान और ईंधन मंत्री सरदार स्वर्ण सिंह ने कोयला खनन उद्योग पर अधिक सार्वजनिक नियंत्रण प्राप्त करने के इरादे से लोकसभा में "कोयला धारक क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) विधेयक" पेश किया। 1951 से 1956 के बीच पहली पंचवर्षीय योजना के अंत में भारत का कोयला उत्पादन 38 मिलियन टन था। चर्चा निजी क्षेत्र के अंतर्निहित अविश्वास के इर्द-गिर्द केंद्रित थी। निजी क्षेत्र की नवाचार और जोखिम लेने की क्षमताओं और भारतीय युवाओं की उद्यमशीलता की भावना में इस अविश्वास के परिणामस्वरूप 1990 में कोयला उत्पादन लगभग 200 मिलियन मीट्रिक टन तक ही पहुंच पाया। 2020 से शुरू की गई वाणिज्यिक नीलामी व्यवस्था अतीत से एक महत्वपूर्ण बदलाव है। दशकों से कोयला और खदान क्षेत्र में पर्यावरण संबंधी चिंताओं को नजरअंदाज किया जाता रहा है। मगर पिछले एक दशक में सस्टेनेबिलिटी सबसे आगे आ गई है। वर्तमान में चल रही सौर और पवन परियोजनाओं, पंप स्टोरेज प्लांट और कोल इंडिया के पहले गैर-कोयला महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक अधिग्रहण के साथ विविधीकरण ने गति पकड़ी है। इसके अलावा, कैबिनेट ने 8500 करोड़ रुपये के कोयला गैसीकरण कार्यक्रम को हरी झंडी दे दी है और निवेश को और बढ़ाने की योजना बनाई है। अगले कुछ वर्षों में, खदान बंद करना एक मुख्य प्राथमिकता बनी रहेगी और निर्बाध, प्रगतिशील और टिकाऊ खदान बंद करने की गतिविधियों को सक्षम करने के लिए दिशानिर्देशों को संशोधित किया जा रहा है। भूमिगत खनन के पर्यावरणीय लाभों को पहचानते हुए हमने 2029-30 तक 100 मीट्रिक टन तक पहुंचने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप निर्धारित किया है और इसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू किया जा रहा है।

इसके अलावा, मंत्रालय फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ा रहा है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि 90 प्रतिशत कोयले को कन्वेयर बेल्ट जैसे मशीनीकृत और पर्यावरण के अनुकूल प्रणालियों के माध्यम से लोड किया जाएगा। रिकॉर्ड कोयला उत्पादन के बावजूद, भारत का प्रति व्यक्ति कोयला ऊर्जा उपयोग चीन, अमेरिका और यूरोप से बहुत कम है।

पिछले एक दशक में, बिजली की समग्र स्थापित क्षमता में कोयले का योगदान कम होता गया है। 2014-2015 में स्थापित क्षमता में 60 प्रतिशत योगदान देने से यह अब घटकर 47 प्रतिशत हो गया है, जबकि सौर और अन्य नवीकरणीय स्रोतों में तेजी आई है। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते रहेंगे और 2047 तक पूरी तरह से विकसित 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में तब्दील हो जाएंगे, हमारी ऊर्जा की ज़रूरतें बढ़ती रहेंगी और कोयला हमारे ऊर्जा मिश्रण का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बना रहेगा। भारत का कोयला क्षेत्र न केवल भारत के विकास को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि यह आधुनिक खनन अर्थव्यवस्था के नियमों को भी पुनः लिख रहा है। कोयला व्यापार विनिमय (कोल ट्रेडिंग एक्सचेंज) जैसे नवाचारों और भविष्य की पहलों के साथ, अब कोयला क्षेत्र में सुरक्षा, दक्षता और डिजिटल जुड़ाव के साथ-साथ एआई, 5जी और जीपीएस ट्रैकिंग को तैनात कर रही है। एक समय भ्रष्टाचार से ग्रस्त, असंतुलित और अकुशल कोयला और खनन क्षेत्र में पिछले दशक में एक बड़ा बदलाव आया है। जब हम आधुनिकीकरण, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और टिकाऊ प्रथाओं पर निरंतर ध्यान केंद्रित करते हुए भविष्य की ओर देखते हैं, तो और भी अधिक महत्वपूर्ण उपलब्धियां सामने आएंगी, जो वैश्विक खनन और संसाधन अर्थव्यवस्था में एक अग्रणी के रूप में भारत की भूमिका को मजबूत करेंगी।

(लेखक केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## प्रेरणा

सोनम लववंशी



# देश को मिजोरम शिक्षा मॉडल की ज़रूरत!

जब भारत के कई राज्य अब भी शिक्षा के बुनियादी लक्ष्यों को छूने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे समय में मिजोरम ने इतिहास रच दिया है। यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं, बल्कि वह मशाल है, जो देश के लिए दिशा और प्रेरणा दोनों बन सकती है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) 2023-24 के अनुसार, मिजोरम ने 98.2 प्रतिशत की साक्षरता दर के साथ 'पूर्ण साक्षरता' का गौरव प्राप्त कर लिया है और इसी के साथ यह भारत का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां हर दस में लगभग दस व्यक्ति पढ़ना-लिखना जानते हैं। यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि उस सामाजिक चेतना, प्रतिबद्ध प्रशासन और शिक्षकों की निःस्वार्थ भागीदारी की गाथा है, जिसने शिक्षा को अधिकार नहीं, ज़िम्मेदारी माना। अक्सर हाशिए पर रखे जाने वाले उत्तर-पूर्वी राज्यों में से एक, मिजोरम ने दिखा दिया है कि विकास केवल संसाधनों पर नहीं, संकल्प और सहभागिता पर निर्भर करता है। शिक्षा को लेकर यह राज्य जिस प्रकार आगे बढ़ा है, वह भारत की समग्र शिक्षा नीति पर एक मौन प्रश्नचिह्न भी है कि जो छोटे और संसाधन वंचित राज्य कर सकते हैं, वह बड़े और अपेक्षाकृत समृद्ध राज्य क्यों नहीं? 2023 में केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए 'उल्लास' नव-साक्षरता अभियान को मिजोरम ने केवल सरकारी योजना की तरह नहीं लिया, बल्कि उसे एक सामाजिक आंदोलन में तब्दील कर दिया। समग्र शिक्षा और नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को जोड़ते हुए इसे मिशन मोड में उतारा गया। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण का गठन हुआ और एससीईआरटी के अंतर्गत एक 'राज्य साक्षरता केंद्र' की स्थापना की गई। यहां मिज़ो भाषा में 'वर्टियन' नामक अध्ययन सामग्री तैयार की गई, स्वयंसेवी शिक्षकों के लिए 'मार्गदर्शक' पुस्तिका बनाई गई और छात्रों के लिए 'रोमी' जैसे संसाधन विकसित किए गए। क्लस्टर रिसोर्स सेंटर समन्वयकों ने अगस्त-सितंबर 2023 में घर-घर जाकर 15 वर्ष से अधिक आयु के 3,026 अशिक्षित लोगों की पहचान की। यह अभियान किसी नियम का पालन मात्र नहीं था, यह उस भावना का प्रकटीकरण था जो समाज को पूर्ण ज्ञान से जोड़ना चाहता है।

इनमें से 1,692 लोगों ने स्वयं आगे बढ़कर शिक्षा ग्रहण करने की इच्छा जताई। यह आंकड़े नहीं, बल्कि बदलती चेतना और सामाजिक परिवर्तन के प्रमाण हैं। यही वजह है कि मिजोरम की यह उपलब्धि महज केरल को पीछे छोड़ने की बात नहीं है, बल्कि यह दिखाती है कि शिक्षा जब जीवन के ताने-बाने में बसी हो, तो वह संख्याओं से आगे जाकर एक संस्कृति बन जाती है। जब देश की औसत साक्षरता दर अब भी 85 प्रतिशत के आसपास है, तब मिजोरम का 98.2 प्रतिशत तक पहुंचना यह सिद्ध करता है कि संसाधनों की बहुलता नहीं, दिशा और नीयत महत्वपूर्ण है। यह राज्य, जो भौगोलिक रूप से दूरस्थ और आर्थिक रूप से सीमित है, उसने यह कर दिखाया। भारत के बाकी राज्यों के लिए यह मात्र एक मिसाल नहीं, एक चेतावनी भी है कि अगर शिक्षा अब भी प्राथमिकता नहीं बनी, तो हम अपने सबसे मूल्यवान संसाधन, यानी युवा पीढ़ी को खो बैठेंगे। शिक्षा को लेकर मिजोरम की यह प्रतिबद्धता एक और बात सिद्ध करती है कि कोई भी नीति, चाहे वह कितनी भी सुंदर क्यों न हो, तब तक निष्फल है जब तक समाज उसे अपने मूल्य की तरह नहीं अपनाता। मिजोरम की सफलता का रहस्य केवल सरकारी योजनाओं या आंकड़ों में नहीं छिपा, बल्कि समाज के उस गहरे भाव में है जिसने शिक्षा को आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और नागरिक चेतना का औजार बना लिया है। वहाँ शिक्षा किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी मात्र नहीं है, न ही डिग्री प्राप्ति की दौड़। गाँवों में भी विद्यालय महज सरकारी उपस्थिति का प्रमाण नहीं हैं, बल्कि वहाँ शिक्षक समय पर आते हैं, छात्र पूरे समर्पण से पढ़ते हैं और अभिभावक शिक्षा को जीवन का अविभाज्य हिस्सा मानते हैं। हमें ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जहां शिक्षा केवल मंत्रालयों का विषय न होकर हर नागरिक की साझी जिम्मेदारी बने। ऐसे शिक्षक चाहिए जो केवल पढ़ाएं नहीं, बल्कि प्रेरणा बनें; ऐसे पाठ्यक्रम चाहिए जो स्थानीयता से जुड़े हों और ऐसी व्यवस्थाएं चाहिए जो विद्यालयों को किसी कोने की फाइल नहीं, व्यवस्था का केंद्रीय स्तंभ बनाएं। मिजोरम ने हमें यह दिखाया है कि शिक्षा का वास्तविक अर्थ सामाजिक चेतना, आत्मनिर्भरता और नागरिक जिम्मेदारी में है। अब समय आ गया है कि देश इस मॉडल को केवल सराहे नहीं, बल्कि इसे अपनाए। जब तक हम शब्दों से निकलकर ज़मीन पर नहीं उतरेंगे, तब तक 'ज्ञान की महाशक्ति' बनने का सपना अधूरा ही रहेगा।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# असंयम लक्ष्य से विमुख कर देता है



संकलित

**दर्शन**

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम न्यूनता और दोषों को ही खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्रधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। श्रीराम चरित मानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझव (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं। भरत ऐसे भक्त हैं, जिन्होंने अपनी समझ, कथन, और करनी का योग भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया।

# कर्म महत्वपूर्ण है



संकलित

**प्रेरणा**

एक निक्कमे आदमी की पत्नी ने उसे घर से निकलते हुए कहा आज कुछ न कुछ कमा कर ही लौटना नहीं तो घर में नहीं घुसने दूगीं। आदमी दिन भर इधर-उधर भटकता रहा, लेकिन उसे कुछ काम नहीं मिला। निराश मन से वह जा रहा थी कि उसकी नजर एक मरे हुए सांप पर पड़ी। उसने एक लाठी पर सांप को लटकाया और घर की और जाते हुए सोचने लगा, इसे देखकर पत्नी डर जाएगी और आगे से काम पर जाने के लिए नहीं कहेगीं। घर जाकर उसने सांप को पत्नी को दिखाते हुए कहा, ये कमाकर लाया हूँ। पत्नी ने लाठी को पकड़ा और सांप को घर की छत पर फेंक दिया।वह सोचने लगी कि मेरे पति की पहली कमाई जो कि एक मरे हुए सांप के रूप में मिली, ईश्वर जरुर इसका फल हमें देगें क्योंकि मैंने सुना हैं कि कर्म का महत्व होता हैं। वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। तभी एक बाज़ उधर से उड़ते हुए निकला जिसने चोंच में एक कीमती हार दबा रखा था। बाज़ की नजर छत पर पड़े हुए सांप पर पड़ी उसने हार को वहीं छोड़ा और सांप को लेकर उड़ गया। पत्नी ने हार को पति को दिखाते हुए सारी बात बताई। पति अब कर्म के महत्व को समझ चुका था, उसने हार को बेचकर अपना व्यवसाय शुरू किया। कल का एक गरीब इन्सान आज का सफल व्यवसायी बनकर इज्जत की जिंदगी जी रहा हैं। चलने वाला मंजिल पाता, बैठा पीछे रहता हैं, ठहरा पानी सड़ने लगता, बहता निर्मल रहता हैं। पैर मिले हैं चलने को तो, पांव पसारे मत बैठो, आगे-आगे चलना हैं तो, हिम्मत हारे मत बैठो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्यों थम गए पाकिस्तान के परमाणु धमकी के बोल?

बहुत सारे बड़बोले पाकिस्तानी नेता, उग्रवादी व सेना के लोग अक्सर भारत को परमाणु बम की खोखली धमकियां देते रहे हैं। जवाब में भारत भी तुरंत कह देता है कि अगर पाकिस्तान हमारे विरुद्ध परमाणु अस्त्रों का प्रयोग करने का दु:साहस करेगा, तो हम पाकिस्तान को तबाह करते हुए समूल ही नष्ट कर देंगे। आश्चर्यजनक रूप से पिछले लगभग एक महीने से हालात और भारत के बयान बिल्कुल ही बदल गए हैं। भारत सरकार के अधिकारी यही कहते हैं कि हम पाकिस्तान की गीदड़ भभकियों से डरने वाले नहीं हैं। ऐसा लगता है कि भारत सरकार और सेना की ओर से कुछ ठोस उपाय किए जा रहे हैं। यही कारण है कि अब पाकिस्तान से आने वाली ऐसी धमकियों पर कुछ हद तक रोक लगी है। भारतीय लोगों को एकजुट रहकर, संयम बनाए रखने की जरूरत है। *- प्रदीप डांगे, भिलाई*

## ट्रेंड

### घरेलू प्रणालियां मजबूत



आज हम सिर्फ़ लड़ाकू विमान या मिसाइल सिस्टम नहीं बना रहे हैं, बल्कि हम नये युग की युद्ध तकनीक के लिए भी तैयार हो रहे हैं। हमारी घरेलू प्रणालियों ने यह साबित किया है कि हम दुश्मन के किसी भी कवच को भेदने की ताकत रखते हैं।

**- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### मल्चिंग पेपर तकनीक



नागपुर के धापेवाड़ा स्थित हमारे भक्ति फार्म में मेरी पत्नी कांचन ने एक अनूठा प्रयोग करते हुए, मल्चिंग पेपर तकनीक का इस्तेमाल कर एक किलो तक वज़न वाले ऑर्गेनिक प्याज़ का सफल उत्पादन किया है। इससे खरपतवार नहीं उगती है।

**-नितिन गड़करी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर पूरा विश्व योग दिवस मना रहा है और अब योग हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग बन चुका है। हरियाणा भी 21 जून को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर उत्साहित है।

**- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### पुंछ को पुनर्वास पैकेज मिले



पुंछ का दर्द वहां जाकर ही महसूस होता है। आग्रह नहीं, सरकार को ज़िम्मेदारी की याद दिला रहा हूं कि पाकिस्तान की गोलाबारी से प्रभावित इलाकों के लिए ठोस, उदार और तात्कालिक राहत व पुनर्वास पैकेज तैयार किया जाए।

**- राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

## करंट अफेयर

# अमेरिका में कोविड टीका बच्चों को अनिवार्य नहीं



अमेरिका के स्वास्थ्य और मानव सेवा (एचएचएस) मंत्री रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने 27 मई, 2025 को घोषणा की कि रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीएस)अब स्वस्थ बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए अनुशंसित टीकाकरण की सूची में कोविड-19 के टीके को शामिल नहीं करेगा। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा एक वीडियो में की गई यह घोषणा 20 मई को की गई एक अन्य घोषणा की पृष्ठभूमि में आई है, जिसमें खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने खुलासा किया था कि वह केवल 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वयस्कों और गंभीर कोविड-19 के सबसे अधिक जोखिम वाले लोगों के लिए ही टीके के नए संस्करणों को मंजूरी देगा। एफडीए ने टीके निर्माताओं से यह अपेक्षा की है कि वे चिकित्सीय परीक्षण करें, ताकि यह साबित किया जा सके कि टीका कम जोखिम वाले समूहों के लिए लाभकारी है। द कन्वर्सेशन की अमेरिकी इकाई ने जन स्वास्थ्य संवर्धन से जुड़ी पर्ड्यू विश्वविद्यालय की नर्सिंग प्रोफेसर लिब्बी रिचर्ड्स से पूछा कि वे बताएं कि आम जनता के लिए इन घोषणाओं का क्या अभिप्राय है। क्यों एचएचएस और एफडीए पूर्व की व्यवस्था को समाप्त कर रहे हैं ?

## ऑफ बीट

# चिर तनाव है मनोभ्रंश जोखिम का कारक



किसी भी अमेरिकी व्यक्ति के अपने जीवनकाल में मनोभ्रंश से ग्रस्त हो जाने की संभावना पहले की अपेक्षा कहीं अधिक हो सकती है। एक अध्ययन में पाया गया कि 55 से 95 वर्ष तक की आयु के लोगों में मनोभ्रंश विकसित होने की औसत संभावना 42 प्रतिशत थी। चिर तनाव संज्ञानात्मक दृष्टिकोण से लोगों की उम्र बढ़ने में क्या भूमिका निभा सकता है तथा उनमें मनोभ्रंश का जोखिम भी कितना बढ़ा सकता है। हालिया शोध से पता चलता है कि वर्तमान में मध्यम आयु वर्ग या उससे अधिक उम्र के अमेरिकी लोग पिछली पीढ़ियों की तुलना में अधिक बार तनावपूर्ण घटनाओं का अनुभव करते हैं। शोध के एक मजबूत निकाय ने कम से कम 14 विभिन्न कारकों के महत्व पर प्रकाश डाला है जो अल्जाइमर रोग- मनोभ्रंश का एक सामान्य और विनाशकारी रूप - और मनोभ्रंश के अन्य रूपों के आपके जोखिम से संबंधित हैं। हालांकि इनमें से कुछ कारक आपके नियंत्रण से बाहर हो सकते हैं, जैसे कि मधुमेह या अवसाद। इनमें से कई कारक उन चीजों से संबंधित हैं जो लोग करते हैं, जैसे कि शारीरिक गतिविधि, स्वस्थ भोजन और सामाजिक जुड़ाव।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# भारत, चालू वित्त वर्ष में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगाः आरबीआई

भाषा ▶▶| मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश वित्त वर्ष 2025-26 में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आरबीआई ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि सौम्य मुद्रास्फीति परिदृश्य और जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के विस्तार में ''धीमी गति'' के कारण मौद्रिक नीति को भविष्य में वृद्धि के लिए सहायक होना चाहिए। केंद्रीय बैंक ने नवीनतम रिपोर्ट में कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था अपने मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचे, मजबूत वित्तीय क्षेत्र और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का लाभ उठाकर 2025-26 में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। इसने वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार विखंडन, आपूर्ति-श्रृंखला में व्यवधान एवं जलवायु संबंधी चुनौतियों के कारण उत्पन्न अनिश्चितताओं को विकास के दृष्टिकोण के लिए नकारात्मक जोखिम और मुद्रास्फीति के दृष्टिकोण के लिए सकारात्मक पहलू के रूप में चिह्नित किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि शुल्क नीतियों में बदलाव के परिणामस्वरूप वित्तीय बाजारों में कहीं-कहीं अस्थिरता के प्रभाव दिख सकते हैं और निर्यात को ''अंतर्मुखी नीतियों एवं शुल्क युद्धों'' के कारण प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। आरबीआई ने कहा कि भारत के व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर एवं बातचीत करने से इन प्रभावों को सीमित करने में मदद मिलेगी। साथ ही, सेवा निर्यात एवं आवक प्रेषण से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि नए वित्त वर्ष (2025-26) में चालू खाता घाटा उल्लेखनीय रूप से प्रबंधनीय'' हो। केंद्रीय बैंक ने लगातार दो समीक्षाओं में प्रमुख नीतिगत दरों में कटौती की है। वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया कि अब 12 महीने की अवधि में कुल मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत के लक्ष्य के अनुरूप बने रहने को लेकर अधिक भरोसा है। इसमें सुझाव दिया गया कि ब्याज दर जोखिम की गतिशील प्रकृति को ध्यान में रखते हुए बैंकों को व्यापार और बैंकिंग दोनों प्रकार के बही जोखिमों से निपटने की आवश्यकता है, खासकर शुद्ध ब्याज 'मार्जिन' (मुनाफे) में कमी के मद्देनजर।

## मार्च तक 1,016 करोड़ रुपये का ई-रुपया चलन में सीमापार भुगतान पर भी विचारः आरबीआई

**मुंबई (भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में डिजिटल मुद्रा का चलन बढ़ रहा है। मार्च 2025 के अंत तक केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) या ई-रुपये का मूल्य बढ़कर 1,016 करोड़ रुपये हो गया जो इससे एक साल पहले 234 करोड़ रुपये था। आरबीआई ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा कि सीबीडीसी के जरिये सीमापार भुगतान को प्रायोगिक आधार पर शुरू करने की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। हालांकि उसने इस बारे में कोई समयसीमा नहीं बतायी। सीबीडीसी को पहली बार नवंबर 2022 में थोक लेन-देन के लिए प्रायोगिक आधार पर पेश किया गया था। उसके बाद खुदरा लेनदेन के लिए इसे पेश किया गया। सीमापार भुगतान को सरल बनाना सीबीडीसी के घोषित लक्ष्यों में से एक है।

## देश में 40 प्रतिशत से अधिक बुजुर्ग अपनी मूलभूत जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भरः रिपोर्ट

**नई दिल्ली (भाषा)।** देश के 40 प्रतिशत से अधिक बुजुर्ग गरीबी रेखा से नीचे या उसके करीब हैं जिसकी वजह से उन्हें अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए दूसरों पर आश्रित रहना पड़ रहा है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। देश में उम्रदराज आबादी पर केंद्रित 'दीर्घायुः बढ़ती उम्र को समझने का एक नया तरीका' शीर्षक वाली रिपोर्ट में उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद पता चलता है कि उम्रदराज आबादी को कितनी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। इसमें आर्थिक सुरक्षा एक बड़ी समस्या दिखी। बड़ी संख्या में बुजुर्ग आर्थिक रूप से असुरक्षित हैं।

## अमेरिकी दल अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत को अगले सप्ताह आएगा भारत

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल अगले सप्ताह यहां आएगा। यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत और अमेरिका जून के अंत तक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमत हो सकते हैं। समझौते के तहत भारत घरेलू वस्तुओं पर 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क से पूरी तरह छूट चाह रहा है। अधिकारी ने कहा, ''अमेरिकी दल पांच या छह जून को आ रहा है। भारत के मुख्य वार्ताकार, वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन की अपनी चार दिवसीय यात्रा पूरी की।

## भारतीय अर्थव्यवस्था क्रय शक्ति समता आधार पर अमेरिका के आधे से अधिकः नीति उपाध्यक्ष

**नई दिल्ली (भाषा)।** नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के संदर्भ में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार पहले से ही 15,000 अरब डॉलर है, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था के आधे से भी अधिक है। क्रय शक्ति समता (पीपीपी) का उपयोग विभिन्न देशों के बीच मुद्राओं के सापेक्ष मूल्य की तुलना करने के लिए किया जाता है। बाजार विनिमय दर का उपयोग करने के बजाय, पीपीपी उन वस्तुओं और सेवाओं की मात्रा पर ध्यान केंद्रित करता है जिन्हें प्रत्येक देश में मुद्रा की एक निश्चित राशि के साथ खरीदा जा सकता है। बेरी ने कहा, ''हमारी अर्थव्यवस्था के चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बारे में अखबारों में बहुत कुछ लिखा गया है। ये सभी बाजार मूल्यों पर मापे जाते हैं, लेकिन उत्पादकता को मापने का वास्तविक तरीका क्रय शक्ति समता है। उन्होंने उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए कहा, '' हम बाजार मूल्यों पर 4,000 अरब डॉलर के जीडीपी पर हैं, पर पीपीपी के संदर्भ में, हम 15,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं।

## तारिणी नौका से विश्व परिक्रमा पूरी कर लौटीं महिलाओं का रक्षा मंत्री ने किया स्वागत

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** नाविका सागर परिक्रमा-2 अभियान के तहत अपनी पाल नौका 'आईएनएसवी तारिणी' के जरिए आठ महीने में दुनिया का सफलतापूर्वक चक्कर लगाकर गुरुवार को स्वदेश लौटीं नौसेना की दो जांबाज महिला अधिकारियों लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा.ए और दिलना.के का गोवा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोरदार अंदाज में स्वागत किया। दोनों दोहरे हाथ से यह उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की पहली महिला अधिकारी बनी हैं।

## शाह ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की

**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति और वार्षिक अमरनाथ यात्रा की व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए बृहस्पतिवार रात यहां एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाह कड़ी सुरक्षा के बीच आज शाम यहां पहुंचे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह केंद्र शासित प्रदेश का उनका पहला दौरा है। उन्होंने बताया कि जम्मू क्षेत्र में अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान शाह पुंछ जिले का भी दौरा करेंगे, जहां सात से 10 मई तक सैन्य संघर्ष के दौरान पाकिस्तानी गोलाबारी एवं ड्रोन हमलों में कुल 28 लोगों की जान चली गई थी। उनमें 14 आम नागरिक थे।

## अफगान नागरिकों के लिए नया वीजा मॉड्यूल, कर सकते हैं आवेदन : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि अफगान नागरिकों के लिए एक ''नया वीजा मॉड्यूल'' लागू किया गया है जिसके तहत वह छह श्रेणियों में भारतीय वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां एक प्रश्न के उत्तर में संवाददाताओं को बताया कि ये श्रेणियां हैं- मेडिकल वीजा, मेडिकल अटेंडेंट वीजा, बिजनेस वीजा, प्रवेश वीजा, छात्र वीजा और संयुक्त राष्ट्र राजनयिक वीजा।

## मुंबई से गिरफ्तार हुआ पासपोर्ट अधिकारी

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** सीबीआई ने भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में पासपोर्ट सेवा केन्द्र (पीएसके), मुंबई लोअर परेल स्थित एक कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक और एक एजेंट समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन पर रिश्वत के बदले फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट जारी करने से जुड़े एक मामले में सीबीआई की नजर थी। सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि लोअर परेल, मुंबई के पासपोर्ट सेवा केंद्र के कार्यालय सहायक/ सत्यापन अधिकारी और पासपोर्ट एजेंट के तौर पर काम करने वाले अन्य निजी व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एफआईआर में आरोप लगाया है कि वर्ष 2023-2024 के दौरान आरोपी लोक सेवक ने अन्य निजी व्यक्तियों के साथ मिलकर साजिश रची थी।




## इंडोनेशिया ने भारत को दिलाया भरोसा कहा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देंगे पूरा साथ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- इंडोनेशिया बहुसांस्कृतिक समाज का देश है, जहां मुस्लिम बहुसंख्यक हैं
- भारत के रुख को लेकर इंडोनेशिया बहुत सम्मान देता है

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जेडीयू सांसद संजय कुमार झा ने बातचीत में कहा कि हमने आसियान के महासचिव से मुलाकात की। हम यहां के उप विदेश मंत्री और स्थानीय थिंक टैंक के प्रतिनिधियों से भी मिले। हमें बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इंडोनेशिया एक बहुसांस्कृतिक समाज है, जहां मुस्लिम बहुसंख्यक हैं, लेकिन भारत के रुख को लेकर यहां बहुत सम्मान है। हाल में भारत पर हुए हमले की यहां के राष्ट्रपति ने निंदा की थी। हमने इस घटना और 'ऑपरेशन सिंदूर' के संबंध में यहां अपना पक्ष स्पष्ट रूप से रखा है। भाजपा सांसद बृजलाल ने बातचीत में कहा, इंडोनेशिया में बहुत अच्छी बातचीत हुई है। हमने यहां नेताओं से बात की, फिर कल शाम हमने आसियान राजदूतों से बातचीत की और गुरुवार को हमने थिंक टैंक से मुलाकात की। हमने उनके साथ भारत की स्थिति साझा की। हमने कहा कि भारत एक शांतिप्रिय देश है। हम अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखते हैं।

## विक्रम मिसरी, यूएस उप विदेश मंत्री ने क्षेत्रीय स्थिरता एवं शांति बनाए रखने की साझा इच्छा दोहराई

**न्यूयॉर्क(भाषा)।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडाउ ने क्षेत्रीय स्थिरता एवं शांति बनाए रखने की अपनी ''साझा इच्छा'' की पुष्टि करते हुए भारत-अमेरिका द्विपक्षीय एजेंडे तथा साझा प्राथमिकताओं को पूर्ण विस्तार देने पर चर्चा की। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मिसरी की बुधवार को लैंडाउ के साथ वाशिंगटन में बैठक हुई। इस दौरान भारत-अमेरिका द्विपक्षीय एजेंडे और साझा प्राथमिकताओं के पूर्ण विस्तार पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस के एक बयान में कहा गया कि लैंडाउ ने अमेरिका और भारत के बीच घनिष्ठ साझेदारी की पुष्टि की, जो 21वीं सदी के लिए अमेरिकी विदेश नीति का एक प्रमुख घटक है।

## दिल्ली, हरियाणा और उप्र से जापानी बोलकर जापानियों से कर रहे थे ठगी, सीबीआई ने दबोचा

**नई दिल्ली (ब्यूरो )।** फर्राटेदार जापानी बोलते हुए जापान में बैठे जापानियों के साथ दिल्ली, हरियाणा और उप्र के विभिन्न जगहों से साइबर फ्रॉड के बडे ग्रुप को सीबीआई ने धर दबोचा है। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने ऑपरेशन चक्र-05 के अंतर्गत साइबर-सक्षम वित्तीय अपराधों से निपटने के अपने वर्तमान में जारी प्रयासों के अंतर्गत दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में 19 जगहों पर समन्वित तलाशी ली। इस बडे अभियान में छह प्रमुख संचालकों की गिरफ्तारी और जापानी नागरिकों को निशाना बनाने वाले एक अंतरराष्ट्रीय तकनीकी सहायता घोटाले में शामिल दो अवैध कॉल सेंटरों के संचालन को सील कर दिया।

## रैली में नजर आया पहलगाम हमले का 'मास्टरमाइंड' लश्कर कमांडर सैफुल्ला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ नेताओं और दूसरे वांछित आतंकवादियों के साथ मंच भी साझा किया

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का मास्टरमाइंड और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) कमांडर सैफुल्ला कसूरी बुधवार को पाकिस्तान में सार्वजनिक रूप से नजर आया। उसने एक राजनीतिक रैली में नेताओं और दूसरे वांछित आतंकवादियों के साथ मंच साझा किया। पाकिस्तान के परमाणु परीक्षणों की वार्षिक स्मृति यौम-ए-तकबीर के मौके पर पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग की ओर से आयोजित इस रैली में भड़काऊ भाषण दिए गए और भारत विरोधी नारे लगाए गए। इस रैली में लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद का बेटा और भारत की ओर से घोषित आतंकवादी तल्हा सईद भी शामिल था। कसूरी ने पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब प्रांत के कसूर में आयोजित रैली में कहा कि मुझे पहलगाम आतंकवादी हमले का मास्टरमाइंड बताया गया।

### खालिद के नाम से भी जाना जाता है कसूरी

भीड़ के सामने बोलते हुए कसूरी (जिसे खालिद के नाम से भी जाना जाता है) ने इलाहाबाद में 'मुदस्सिर शहीद' के नाम पर एक केंद्र, सड़क और अस्पताल बनाने की योजना की भी घोषणा की।



### भाजपा कार्यालय में बैठक, बिहार चुनाव को लेकर बनाई गई रणनीति

# पटना में प्रधानमंत्री का भव्य रोड शो, फूलों की वर्षा, सड़कों पर तिरंगा लिए खड़े रहे लोग, ऑपरेशन सिंदूर के रंग में रंगी सड़कें

भाषा ▶▶| पटना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार शाम पटना में एक रोड शो किया। मोदी की एक झलक पाने के लिए हजारों लोग सड़क के दोनों ओर तथा छतों पर जमा थे। रोड शो के दौरान वाहन में सवार प्रधानमंत्री ने लोगों का अभिवादन किया। रोड शो पटना हवाई अड्डे के पास अरण्य भवन से शुरू हुआ और बीरचंद पटेल मार्ग पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में समाप्त होगा। लोगों ने 'भारत माता की जय' के नारों के बीच प्रधानमंत्री के काफिले पर पुष्प वर्षा की। मोदी दो दिवसीय दौरे पर पश्चिम बंगाल से यहां पहुंचे हैं। भाजपा कार्यालय पहुंचने के बाद राज्य में पार्टी नेताओं से मिले और बिहार चुनाव को लेकर बनाई गई रणनीति बनाई। मोदी राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे।

**खास बातें**

- हवाई अड्डे पर एक नए असैन्य परिसर की आधारशिला रखी
- बिहटा स्थित वायुसेना के हवाई अड्डे पर का विकास 1,410 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा

**रोड शो में उमड़ी भारी भीड़, भारत माता की जय के नारे गूंजे**






### कई परियोजनाओं का अनावरण किया

पटना स्थित जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नया यात्री टर्मिनल भवन 1,200 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है, जबकि बिहटा स्थित वायुसेना के हवाई अड्डे पर असैन्य परिसर (सिविल एन्क्लेव) का विकास 1,410 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने पटना हवाई अड्डे पर आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित अन्य की उपस्थिति में परियोजनाओं का अनावरण किया।

### पाकिस्तान की गोलाबारी से प्रभावित लोगों के लिए राहत पैकेज जारी हो: राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि जम्मू कश्मीर के पुंछ और पाकिस्तान की गोलाबारी से प्रभावित अन्य सभी इलाकों के लिए ठोस राहत एवं पुनर्वास पैकेज घोषित किया जाए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पिछले दिनों पुंछ का दौरा कर प्रभावित लोगों से मुलाकात की थी। गांधी ने पत्र में कहा, मैंने हाल ही में पुंछ का दौरा किया, जहां पाकिस्तानी गोलाबारी में 4 बच्चों सहित 14 लोगों की दुखद मृत्यु हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। इस अचानक और अंधाधुंध हमले ने इलाकों में भारी तबाही मचाई है।



**खबर संक्षेप**

### जाति जनगणना एमआरआई की तरह



नई दिल्ली(भाषा)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि आगामी जनगणना में जाति गणना सामाजिक न्याय लाने के लिए एक परिवर्तनकारी कदम होगी। उन्होंने साथ ही इस बात को खारिज कर दिया कि इससे समाज में समस्याएं पैदा हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि विचारपूर्वक एकत्रित जातिगत आंकड़ा एकीकरण का माध्यम होगा, जैसे शरीर की एमआरआई होती है। उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि ठोस आंकड़ों के बिना नीतिगत योजना बनाना अंधेरे में सर्जरी करने जैसा है।



### प्राण प्रतिष्ठा के लिए राम दरबार की मूर्तियां सजीं

अयोध्या। यहां के राम जन्मभूमि मंदिर में पांच जून को होने वाले राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 5 जून को सुबह 11:25 से 11:40 के बीच सभी आठ मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा का समय और मुहूर्त निश्चित हुआ है।

### प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में जनसभा को संबोधित करते हुए पड़ोसी पर फिर हमला बोला

# पाकिस्तान समझ ले, ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, तीन बार घर में घुसकर मारा: मोदी

*अलीपुरद्वार, कूचबिहार जिलों को 1,010 करोड़ की सौगात दी*

*दुर्गा पूजा के दौरान महिलाओं द्वारा मनाए जाने वाले पारंपरिक अनुष्ठान 'सिंदूर खेला' का उल्लेख किया*

भाषा ▶▶| अलीपुरद्वार (प. बंगाल)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है और साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि आतंकवाद के प्रायोजकों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान को पहले ही ''उसके घर में घुसकर तीन बार'' मारा जा चुका है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पश्चिम बंगाल में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने सिंदूर के साथ क्षेत्र के गहरे सांस्कृतिक और भावनात्मक संबंध का जिक्र किया और दुर्गा पूजा के दौरान बंगाली महिलाओं द्वारा मनाए जाने वाले पारंपरिक अनुष्ठान 'सिंदूर खेला' का उल्लेख किया। मैं सिंदूर खेला की पवित्र भूमि पर खड़ा हूं, तो यह उचित है कि हम आतंकवाद के खिलाफ एक नए संकल्प 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में बात करें। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। पश्चिम बंगाल में जो दर्द और गुस्सा है, उसे गहराई से समझा जा सकता है। मैं आपके आक्रोश को महसूस कर सकता हूं। आतंकवादियों ने हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाने की हिम्मत की। हमारी सेना ने उन्हें सिंदूर की शक्ति का एहसास कराया। मोदी ने कहा, बंगाल की इस धरती से मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से घोषणा करता हूं कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने छह मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। इस ऑपरेशन में सीमा पार पाकिस्तान में आतंकी ढांचे पर सटीक हमले किए गए थे।







### आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे

भारत की, आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''पहलगाम हमले के बाद भारत ने दुनिया को बता दिया कि अगर अब भारत पर कोई आतंकवादी हमला हुआ तो दुश्मन को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। तीन मौकों का जिक्र नहीं किया, लेकिन उनकी टिप्पणी को उरी आतंकी हमले के बाद 2016 में भारत की सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा हमले के बाद 2019 में बालाकोट हवाई हमलों और हाल में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सीमा पार किए गए हमलों के संदर्भ में देखा जा रहा है।

### आतंकी ढांचे नष्ट किए

प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमने सीमा पार आतंकी ढांचे को नष्ट कर दिया, जिसके बारे में पाकिस्तान ने कभी सोचा भी नहीं था। हमने पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर तीन बार मारा है। पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान को निशाने पर लेते हुए प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को संस्थागत रूप देने का आरोप लगाया।

### ऑपरेशन सिंदूर भारत में आतंक फैलाने वालों को करारा जवाब : प्रधानमंत्री

गंगटोक (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत में आतंक फैलाने वालों को करारा जवाब है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पूरा देश एकजुट है। सिक्किम की स्थापना के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सिक्किम ''राष्ट्र का गौरव'' है और यहां के लोग लोकतंत्र में विश्वास करते हैं। प्रधानमंत्री ने डिजिटल माध्यम से अपने संबोधन में कहा, ''पिछले महीने पहलगाम हमले के मद्देनजर आतंकवादियों के खिलाफ चलाया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत में आतंक फैलाने वालों को करारा जवाब था। पहलगाम में आतंकवादियों ने जो किया वह मानवता पर हमला था।

- सिक्किम की स्थापना के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को डिजिटल माध्यम से पीएम संबोधित किया

### मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर तृणमूल पर बरसे मोदी, बंगाल सरकार को निर्मम बताया

अलीपुरद्वार (प. बंगाल) (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि राज्य हिंसा, भ्रष्टाचार और अराजकता से ग्रस्त है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता 'निर्मम सरकार' से छुटकारा पाने के लिए बदलाव चाहती है। मोदी ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मुर्शिदाबाद और मालदा में सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं आम नागरिकों के प्रति तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासन की ''क्रूरता और उदासीनता'' की याद दिलाती हैं। मुर्शिदाबाद और मालदा में हाल की सांप्रदायिक हिंसा के लिए ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए मोदी ने कहा कि आरोप यह है कि कानून तोड़ने वालों को ''तुष्टिकरण'' की आड़ में बेरोकटोक काम करने की अनुमति दी गई जबकि पुलिस कार्रवाई करने में विफल रहने पर असहाय होकर खड़ी रही।

### ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिकरण कर रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी : ममता बनर्जी



- पीएम पर तृणमूल कांग्रेस का पलटवार, पांच सवाल पूछे

कोलकाता (भाषा)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीएम मोदी पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। विभिन्न राज्यों में आगामी चुनावों से पहले राजनीतिक लाभ लेने के लिए इस (सैन्य अभियान) का नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' रखा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पश्चिम बंगाल में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सिंदूर के साथ क्षेत्र के गहरे सांस्कृतिक और भावनात्मक संबंध का जिक्र किया और दुर्गा पूजा के दौरान बंगाली महिलाओं द्वारा मनाए जाने वाले पारंपरिक अनुष्ठान 'सिंदूर खेला' का उल्लेख किया। मैं इस बात से निराश हूं कि मोदी ने बंगाल की आलोचना ऐसे समय में की है जब केंद्र के आतंकवाद विरोधी रुख का समर्थन करने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दौरा कर रहे हैं।

### पीओके के लोग हमारे अपने: राजनाथ सिंह

# पीओके खुद लौटकर आएगा और कहेगा...मैं आ गया हूं

*आतंकवाद और पीओके पर ही बातचीत होगी*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान की नींद उड़ाने वाला बयान दिया है। उन्होंने दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि पीओके में रहने वाले ज्यादातर लोग भारत से गहरा जुड़ाव महसूस करते हैं, बस कुछ ही लोग हैं जिन्हें गुमराह किया गया है। उन्होंने कहा, पीओके में रहने वाले हमारे भाइयों की स्थिति वीर योद्धा महाराणा प्रताप के छोटे भाई शक्ति सिंह जैसी ही है। भारत हमेशा दिलों को जोड़ने की बात करता है। पीओके के लोग हमारे अपने हैं। हम 'एक भारत, महान भारत' के संकल्प के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रेम, एकता और सच्चाई के रास्ते पर चलते हुए वो दिन दूर नहीं जब हमारा अपना हिस्सा पीओके वापस आएगा और कहेगा, मैं भारत हूं, मैं वापस आया हूं।



### 23,500 करोड़ का रक्षा निर्यात

निर्यात रक्षा मंत्री ने कार्यक्रम में बताया कि भारत का रक्षा निर्यात अब 23,500 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड आंकड़े पर पहुंच गया है। आज हम सिर्फ लड़ाकू विमान या मिसाइल सिस्टम नहीं बना रहे हैं। हम नए जमाने की युद्ध तकनीक की भी तैयारी कर रहे हैं।

### पाकिस्तान को आतंक फैलाना भारी पड़ेगा

आज पाकिस्तान को आतंकवाद का कारोबार चलाने की भारी कीमत का एहसास हो गया है। हमने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को फिर से तैयार और परिभाषित किया है। हमने पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों और बातचीत के दायरे को फिर से निर्धारित किया है। अब से जब भी बातचीत होगी, तो वह केवल आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के बारे में होगी।

### *कृषि मंत्री ने विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया*

# किसानों के घर जाएंगे वैज्ञानिक और बताएंगे सही खेती करने का तरीका

*जगन्नाथपुरी में केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया ऐलान*

एजेंसी ▶▶| जगन्नाथपुरी

अब किसानों को सही खेती करने की तरीका सिखाने घर-घर साइंटिस्ट जाएंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऐलान किया है कि गुरुवार से विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ हो रहा है, जो 12 जून तक चलेगा।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उड़ीसा के जगन्नाथपुरी से इस अभियान की शुरुआत की। चौहान ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत देश के अलग-अलग राज्यों में कार्यक्रम करेंगे।



### 12 जून तक चलेगा कार्यक्रम

चौहान ने कहा कि किसान भाइयों, आपसे मेरी अपील है कि 29 मई से 12 जून तक चलने वाले इस अभियान को सफल बनाने में कोई कसर मत छोड़ना। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा हैं। किसान जब खेत में बीज बोता है तो वो केवल बीज नहीं बोता, वह जीवन भी बोता है।




*अपनी ही पार्टी के नेताओं से घिरे कांग्रेस के थरूर*

# मेरे पास करने के लिए बहुत कुछ, पर हमने 'सीमा पार' नहीं की: शशि थरूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अपनी ही पार्टी के नेताओं की आलोचनाओं में घिरे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पलटवार किया है और उन्होंने आलोचना करने वाले नेताओं को अति-उत्साही बता दिया है। थरूर का यह बयान कांग्रेस नेता उदित राज के उस बयान के बाद सामने आया है, जिसमें उदित राज ने शशि थरूर के विदेश में दिए गए एक बयान पर आपत्ति जताई थी और उन्हें भाजपा का सुपर प्रवक्ता बता दिया था। थरूर ने सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट स्ट्राइक का जिक्र करते हुए कहा कि पहली बार भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक के समय एलओसी पार कर आतंकी ठिकानों पर हमले किए। यहां तक की कारगिल की लड़ाई में भी हमने सीमापार नहीं की थी। इस बार न सिर्फ हमने सीमा पार की है बल्कि अंतरराष्ट्रीय सीमा भी पार की है। हमने पाकिस्तान के मध्य में स्थित पंजाब में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया।

**अब थरूर ने दिखाया आईना**



कांग्रेस नेताओं की आलोचना के निशाने पर आए थरूर ने भी पलटवार किया है। उन्होंने पनामा से सोशल मीडिया पर साझा अपनी एक पोस्ट में कहा कि 'पनामा में एक लंबे और सफल दिन के बाद मुझे मध्यरात्रि में ही कोलंबिया के लिए निकलना है। इसलिए मेरे पास इस सबके के लिए समय नहीं है, लेकिन जो अतिउत्साही लोग उनके बयान की आलोचना कर रहे हैं, उन्हें बता दूं कि मैं केवल आतंकवादी हमलों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के बारे में बात कर रहा था न कि पिछले युद्धों के बारे में।

### सुपर प्रवक्ता बताया था



थरूर की इस टिप्पणी पर उनकी ही पार्टी के नेता उदित राज ने कहा कि थरूर भाजपा के सुपर प्रवक्ता बन गए हैं। जो भाजपा नेता नहीं कह रहे हैं, वो थरूर, पीएम मोदी और सरकार के बारे में कह रहे हैं। क्या उन्हें (थरूर) पता भी है कि पिछली सरकारों ने क्या किया? वे (केंद्र सरकार) भारतीय सशस्त्र बलों का श्रेय ले रहे हैं। आप ये कहकर कांग्रेस के स्वर्णिम इतिहास को कैसे कमतर कर सकते हैं?

### किताब में लिखा कुछ और



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने शशि थरूर पर हमला बोला है और वो भी थरूर की ही लिखी 2018 की किताब द पैराडोक्सलियल प्रइम मिनिस्टर के आधार पर। खेड़ा ने किताब के उस अंश को निशाना बनाया जिसमें 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर थरूर ने मोदी सरकार पर राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगाया था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25